अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 133 लखनऊ, गुरुवार, 27 नवम्बर 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## हर भारतवासी के घर में होनी चाहिए संविधान की प्रति : योगी

### हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और अनेकता को एकता में जोड़ने वाला है : सीएम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस पर लोकभवन में संविधान की उद्देशिका का कराया सशपथ पाठन

लखनऊ। संविधान दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान की उद्देशिका का सशपथ पाठन कराया। इसके पूर्व अतिथियों ने भारत माता व बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन किया। इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री योगी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया।

संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 2015 से पूरा देश प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करता है। चुनाव के उपरांत गठित संविधान सभा ने भारत के संविधान का निर्माण किया था। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बनी संविधान सभा ने अलग-अलग कमेटियां बनाई थीं, उसकी ड्रॉफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। योगी ने कहा कि संविधान निर्माण में 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन लगे। संविधान निर्माण में जिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने योगदान व विशेषज्ञों ने सहयोग किया, उसी का परिणाम है कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और भारत की अनेकता को एकता में जोड़ने वाला है। संविधान की मूल प्रति को लेकर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की समिति जब संविधान सभा के पास गई थी तब भी उन्होंने कहा था कि संविधान एक दस्तावेज है, जो भारत की विविधता को एकता में जोड़ने में मार्गदर्शिका के रूप में देश को नेतृत्व प्रदान करेगी।



कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकतायोगी ने कहा कि आज हर संस्था, पंचायत में ऐसे आयोजन करके संविधान की प्रस्तावना का वाचन करने का प्रयास हुआ है। 2015 में संविधान दिवस पर पीएम मोदी ने कहा था कि हममें से हर व्यक्ति स्वतंत्र भारत का नागरिक है, लेकिन स्वतंत्रता की वास्तविक कीमत विस्मृत की जा रही है। क्योंकि हमने स्वाधीनता की लड़ाई को आंखों से नहीं देखा। हमने क्रूर यातनाओं को नहीं सहा। परिणामस्वरूप हर व्यक्ति केवल अधिकार की बात करता है। अधिकार तब सुरक्षित होते हैं, जब व्यक्ति कर्तव्यों के निर्वहन की आदत डाले। कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता। जहां कर्तव्य के बिना अधिकार प्राप्त करने का प्रयास किया गया है, वहां पर लोकतंत्र नहीं है, बल्कि वहां तानाशाह, व्यवस्था को गिरफ्त में लेकर आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को रौंदते दिखते हैं।

विकसित व आत्मनिर्भर भारत के लिए हर देशवासी पंचप्रणों के साथ जुड़ेंमुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान लागू होने के बाद भारत ने इसे सर्वोपरि मानकर सम्मान दिया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व प्रतीकों को सम्मान दिया और जिन मूल भावनाओं पर भारत का संविधान बना है, उसे जीवन का हिस्सा बनाने का प्रयास किया। जब कोई देश मूल भावनाओं को सम्मान देते हुए बढ़ता है तो उसे विकसित होने से कोई रोक नहीं सकता। आजादी के अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों के सामने विकसित भारत की संकल्पना रखी। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित व आत्मनिर्भर भारत के लिए हर देशवासियों से पंचप्रण के साथ जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने पंच प्रण का जिक्र करते हुए कहा कि हर व्यक्ति गुलामी की मानसिकता से मुक्त हो। यूनिफॉर्म धारी सेना-अर्धसेना, पुलिस बल के जवानों के प्रति सम्मान का भाव रखे।

योगी ने कहा कि यदि हम भारत के संविधान का अपमान करते हैं तो यह बाबा साहेब, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों-बलिदानियों और उन गरीबों का अपमान है।

## संक्षिप्त

### नदी में गिरी बेकाबू कार डूबने से सिंचाई विभाग के पांच कर्मचारियों की मौत

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर जिले में मंगलवार देर रात एक कार बेकाबू होकर शारदा नदी (सायफन) में गिर गयी। पानी में डूबने से कार सवार सिंचाई विभाग के पांच कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक को गंभीर हालत में बाहर निकाल लिया गया। इस घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया और स्थानीय प्रशासन को पीड़ितो की यथासंभव मदद करने के निर्देश भी दिए। **विस्तृत खबर पेज 6 पर...**

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 41 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 41 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन पर एक करोड़ 19 लाख रुपये का इनाम घोषित था। जिन 41 माओवादियों का आत्मसमर्पण हुआ है, उनमें साउथ सब जोनल ब्यूरो के 39 माओवादी हैं, जबकि तेलंगाना स्टेट कमेटी, धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के माओवादी शामिल हैं। बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति माओवादियों को आकर्षित कर रही है। आत्मसमर्पण करने वालों के परिजन भी चाहते हैं कि वे सामान्य जीवन जियें और समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। उन्होंने कहा कि माओवादी भ्रामक और हिंसक विचारधाराओं को त्यागकर निर्भय होकर समाज की मुख्यधारा में लौटें।

### गुजरात और महाराष्ट्र की दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुजरात में द्वारका-कानालुस रेल लाइन के दोहरीकरण और महाराष्ट्र के मुंबई में बदलापुर एवं कर्जत के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन के निर्माण को बुधवार को मंजूरी दी।सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में कुल 2,781 करोड़ रुपये की लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गयी। इससे देवभूमि द्वारका (ओखा)-कानालुस रेल लाइन (141 किमी) से द्वारकाधीश मंदिर तक कनेक्टिविटी बेहतर होगी और जरूरी वस्तुओं और सेवाओं आदि के परिवहन में भी सहूलियत होगी। बदलापुर-कर्जत खंड मुंबई उपनगरीय गलियारे का हिस्सा है और तीसरी एवं चौथी लाइन (32 किमी.) प्रोजेक्ट से क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

## लालकिला धमाका मामले में आतंकी उमर नबी का साथी शोएब फरीदाबाद से गिरफ्तार

● एनआईए अब डॉ. आदिल और डॉ. शाहीन को अल-फलाह यूनिवर्सिटी लाएगी

एजेंसी

फरीदाबाद। दिल्ली के लालकिला बम धमाके की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सुसाइड हमलावर आतंकी डॉ. उमर नबी के नजदीकी सहयोगी शोएब को फरीदाबाद के गांव धौज से गिरफ्तार कर लिया है। शोएब हरियाणा के अल-फलाह विश्वविद्यालय में वार्ड बॉय के रूप में कार्यरत था। आरोप है



कि उसने उमर नबी को विस्फोटक सामग्री लाने और ले जाने में सहायता की और नूंह में अपनी साली अफसाना के घर में उसके लिए कमरा किराए पर दिलवाया। धमाके से पहले उमर नबी 10 दिन तक वहीं ठहरा था। इस मामले में यह 7वीं गिरफ्तारी है। आतंकी मॉड्यूल से जुड़े डॉ. मुजम्मिल शकील की निशानदेही के बाद अब एनआईए डॉ. आदिल अहमद और डॉ. शाहीन सईद को अल-फलाह विश्वविद्यालय में लेकर जाएगी। जांच में सामने आया है कि आदिल और उमर नबी कई वर्षों से परिचित थे। आदिल कई बार उमर से मिलने के लिए विश्वविद्यालय आया और उसके छात्रावास स्थित फ्लैट में ठहरा। इसी दौरान उसकी पहचान मुजम्मिल शकील और शाहीन सईद से कराई गई।

सूत्रों के अनुसार, फतेहपुरा तगा और धौज गांव में विस्फोटक सामग्री इकट्ठा करने की योजना आदिल ने ही सुझाई थी।

## भारत का वैमानिकी क्षेत्र भरेगा एक नई उड़ान : मोदी

● प्रधानमंत्री ने हैदराबाद में सेफ्रान के मेगा एमआरओ संयंत्र का किया उद्घाटन

एजेंसी




हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह हैदराबाद में सेफ्रॉन एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज़ की कार्यशाला को भारत में विमानों के रखरखाव, मरम्मत और कायाकल्प (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग) का वैश्विक हब विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। श्री मोदी ने राजधानी दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सेफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज़ संयंत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज से भारत का वैमानिकी क्षेत्र एक नई उड़ान भरने जा रहा है। सेफ्रान की ये नई फैसिलिटी भारत को एक वैश्विक एमआरओ हब के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी। ये फैसिलिटी हाईटेक एयरोस्पेस की दुनिया में युवाओं के लिए नए अवसर भी बनाएगी।उन्होंने कहा कि हमारे देश में एमआरओ का 85 प्रतिशत काम देश के बाहर होता आ रहा है। इससे खर्च बढ़ता है, समय ज्यादा लगता था, और एयरक्राफ्ट लंबे समय तक ग्राउंडेड रहते हैं। ये स्थिति भारत जैसे विशाल विमानन बाज़ार के लिए ठीक नहीं है। इसलिए आज केन्द्र सरकार देश को, दुनिया के एक बड़े एमआरओ केंद्र के रूप में विकसित कर रही है। अब पहली बार देश में एक वैश्विक ओईएम यानी मूल उपकरण निर्माता स्तर की सघन सर्विसिंग की सुविधा स्थापित की जा रही है। मोदी ने कहा, ''इस संयंत्र के माध्यम से सेफ्रान के वैश्विक प्रशिक्षण, नॉलेज ट्रांसफर और भारत के संस्थानों के साथ साझीदारी, इससे देश में एक ऐसा कार्यबल तैयार होगा, जो आने वाले वर्षों में पूरे एमआरओ इकोसिस्टम को नई गति, नई दिशा देगा। इस फैसिलिटी से देश के दक्षिण भारत के नौजवानों के लिए रोजगार के अनेक अवसर बनेंगे।'' उन्होंने जलपोतों के अनुरक्षण, मरम्मत एवं कायाकल्प की दिशा में भारत के प्रयासों का उल्लेख करते हुए यह भी कहा, ''हम सिर्फ विमानन क्षेत्र में एमआरओ तक सीमित नहीं रहना चाहते, हम जहाजरानी से जुड़े एमआरओ इकोसिस्टम पर भी बहुत बड़े पैमाने पर काम कर रहे हैं।

## एसआईआर के तहत मतदाता सूचियों के प्रकाशन की समय सीमा बढ़ा सकती है सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को संकेत दिया कि यदि परिस्थितियाँ आवश्यक हुईं, तो वह पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूचियों के मसौदे के प्रकाशन की समय सीमा को बढ़ा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कई राज्यों में चल रहे एसआईआर की वैधता और समय को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

मुख्य न्यायाधीश ने मौखिक रूप से कहा, ''तो क्या हुआ? अगर आप कोई मामला बनाते हैं, तो हम उन्हें तारीख बढ़ाने का निर्देश दे सकते हैं... क्या वह तारीख अदालत के लिए यह कहने का आधार बन सकती है कि हमारे पास कोई शक्ति नहीं है? अदालत




हमेशा कह सकता है।''

पीठ ने निर्वाचन आयोग को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से संबंधित याचिकाओं में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। तमिलनाडु मामलों को चार दिसंबर और पश्चिम बंगाल मामलों को नौ दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया गया है। केरल के एसआईआर को स्थगित करने की मांग वाली याचिकाओं पर दो दिसंबर को सुनवाई होगी। तमिलनाडु में एसआईआर को राजनीतिक हितधारकों के एक बड़े समूह ने चुनौती दी है, जिनमें द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) (आरएस भारती के माध्यम से), मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी, अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम आदि शामिल हैं। साथ ही, विधायक के. सेलवापेरुन्थगाई और टी. वेलमुरुगन, एम. वीरापांडियन, और राजनीतिज्ञ थमीमुम अंसारी जैसे नेता भी इनमें शामिल हैं। द्रमुक के अनुसार, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) पहले ही अक्टूबर 2024 और 6 जनवरी, 2025 के बीच आयोजित किया जा चुका है, जिसके परिणामस्वरूप एक अद्यतन मतदाता सूची प्रकाशित हुई है। इसके बावजूद, आयोग ने एक नया एसआईआर शुरू किया है, जिसमें ऐसे दिशा-निर्देश पेश किए गए हैं जिनके लिए नागरिकता सत्यापन की आवश्यकता है, खासकर उन लोगों के लिए जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं थे।

याचिका में तर्क दिया गया है कि एसआईआर प्रभावी रूप से 'वास्तविक एनआरसी' बन गया है, क्योंकि इसमें नागरिकता का निर्धारण किया जा रहा है, जबकि यह शक्ति नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत केंद्र

## बलात्कार कानून के दुरुपयोग पर शीर्ष कोर्ट चिंतित

### सहमति से बना सेक्स रिलेशन अपराध नहीं

● रिश्ता सहमति से हुआ है तो ये बलात्कार की श्रेणी में नहीं आएगा

● कोर्ट ने कहा कि हर असफल रिश्ता क्राइम नहीं हो सकता है

● सम्बन्ध टूटना निराशाजनक है, पर उसे अपराध नहीं कह सकते

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा बलात्कार कानून का बेजा इस्तेमाल न हो

अभयानंद शुक्ल, समन्वय सम्पादक

लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट ने आपसी सहमति के आधार पर बने सेक्सुअल रिलेशन के खाते को बलात्कार मानने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सेक्स रिलेशन टूट जाना हमेशा अपराध नहीं माना जा सकता है, ऐसे किसी रिश्ते का अंत निराशाजनक तो कहा जा सकता है लेकिन उसे हमेशा बलात्कार कहना उचित नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने नीचे कु अदालतों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस कानून का बेजा इस्तेमाल न होने पाए। इस टिप्पणी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने एक आरोपी वकील के खिलाफ चल रहा बलात्कार का मामला खत्म कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने बलात्कार संबंधी एक महत्वपूर्ण मामले में बीते सोमवार 24 नवंबर को को एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि किसी रिश्ते की शुरुआत



अगर दो वयस्कों की रजामंदी से हुई हो और बाद में ब्रेकअप हो जाए, तो केवल इसी आधार पर पुरुष के खिलाफ रेप का मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। इस मामले में जस्टिस बीवी नागरत्न और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि शादी का झूठा वादा कर रेप करने के मामलों में आरोपों के समर्थन में ठोस सबूत होना भी जरूरी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि हर असफल रिश्ता अपराध की श्रेणी में नहीं आएगा। कोर्ट ने कहा कि किसी रिश्ते का अंत निराशाजनक तो हो सकता है, लेकिन इसे रेप नहीं कहा जा सकता। डबल बेंच ने कहा कि यदि कोई कपल अपनी इच्छा से रिश्ते में रहा है और बाद में मतभेद या निराशा के कारण संबंध टूट जाता है, तो इसे आपराध नहीं माना जा सकता। सहमति से बने किसी रिश्ते को, केवल शादी न होने के कारण अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। कोर्ट ने कहा कि रेप के आरोपों को सही ठहराने के लिए यह दिखाना अनिवार्य है कि शुरुआत से ही शादी करने का झूठा वादा किया गया था, और महिला की सहमति उसी धोखे का परिणाम थी। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि बलात्कार और सहमति से बने यौन संबंधों में अंतर है। इस मामले में हाईकोर्ट को यह जांचना चाहिए था कि आरोपी ने वास्तव में शादी की इच्छा रखी थी, या फिर केवल शारीरिक संबंध बनाने के लिए धोखा दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने किया बाम्बे हाईकोर्ट का आदेश निरस्त

इससे पहले बाम्बे हाईकोर्ट ने आरोपी एक वकील के खिलाफ दर्ज रेप के मामले को रद्द करने से मना कर दिया था। प्राथमिकी पिछले साल संभाजीनगर में दर्ज हुई थी। शिकायत कर्ता एक विवाहित, लेकिन अलग रह रही महिला थीं, जिनकी मुलाकात आरोपी वकील से 2022 में एक केस के दौरान हुई। बाद में दोनों करीब आए और शारीरिक संबंध बने। उस महिला का आरोप था कि वकील ने शादी करने का वादा किया, लेकिन बाद में पीछे हट गया। उसने यह भी दावा किया कि वह कई बार गर्भवती हुईं और सहमति से गर्भपात भी कराया गया। बाद में शादी से इनकार करने और कथित धमकी के बाद उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कराया। जवाब में वकील ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह शिकायत प्रतिशोध की भावना से दर्ज कराई गई है। उनका कहना था कि महिला ने उससे डेढ़ लाख रुपए की मांग की थी और देने से इनकार करने पर ये शिकायत की गई। आरोपी ने यह भी कहा कि तीन वर्षों के रिश्ते में महिला ने कभी भी यौन हिंसा की शिकायत नहीं की। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि जबरदस्ती या धोखे का कोई प्रत्यक्ष संकेत नहीं मिलता है।अदालत ने कहा कि दोनों के संबंध लंबे समय तक आपसी सहमति से चले जो इस बात की पुष्टि करती हैं कि संबंध स्वेच्छा से था। बेंच ने टिप्पणी की कि सिर्फ तीन वर्षों तक चला यह रिश्ता यह दर्शाता है कि यह केवल क्षणिक धोखे का मामला नहीं था।

## मानव सेवा ही माधव सेवा

● आईपीएफ ने यूएई में फंसे बीमार भारतीय युवक को सुरक्षित भारत पहुंचाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजमान/लखनऊ। भारतीय प्रवासी फोरम (IPF) ने मानवता की मिसाल कायम करते हुए यूएई के अजमान में गंभीर बीमारी से जूझ रहे भारतीय युवक को सुरक्षित भारत वापस पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 अक्टूबर 2025 को आईपीएफ अजमान चैप्टर के संयोजक राधीश नायर को सूचना मिली कि एक भारतीय युवक पिछले कई दिनों से अजमान के एक पार्क में पेड़ के नीचे रह रहा है। मौके पर



पहुंचने पर युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के बाराबंकी निवासी अखिलेश कुमार जगदेव के रूप में हुई। वह गंभीर लीवर बीमारी से पीड़ित था और अत्यधिक कमजोर अवस्था में था। उसका वजन मात्र लगभग 27 किलो रह गया था। जांच में यह भी सामने आया कि अखिलेश पर शारजाह और अजमान कोर्ट में कई सिविल मामले दर्ज थे, जिसके कारण उस पर यात्रा प्रतिबंध (ट्रैवल बैन) लगा हुआ था। इस विषय में आईपीएफ उत्तर प्रदेश काउंसिल के संयोजक महेश सिंह को सूचित किया गया। उन्होंने राधीश नायर के साथ मिलकर संबंधित पक्षों से बातचीत की। तीन से अधिक मामलों और लगभग एक लाख दिरहम की दावेदारी को मानवीय आधार पर बातचीत के बाद वापस करवाया गया।

आईपीएफ की सीएसआर प्रमुख उमा शंकर के मार्गदर्शन में सभी कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी की गईं। लगभग 30 दिनों तक आईपीएफ अजमान चैप्टर और आईपीएफ यूपी काउंसिल ने अखिलेश की देखरेख की, उसे भोजन, दवाइयाँ, कपड़े और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। आईपीएफ अजमान चैप्टर के जनरल सेक्रेटरी राकेश गुप्ता ने प्रतिदिन घर का बना भोजन उपलब्ध कराया। अंततः 21 नवंबर 2025 को अखिलेश लखनऊ पहुंचा, जहां उसकी मां उसे लेने स्वयं एयरपोर्ट पहुंची। आईपीएफ के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने स्थानीय विधायक से संपर्क कर उसके आगे के इलाज की व्यवस्था भी करवाई। धर्मवीर चौहान ने हवाई टिकट की व्यवस्था कर महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस मानवीय अभियान में आईपीएफ से जुड़े राधीश कृष्णन, महेश सिंह, राकेश गुप्ता, बी.एस. चौहान, सुधीर त्रिपाठी, सलीन कुमार, सुरेश कुमार, राजेश उन्नुक्कालिल, रथीश एडथिट्टा सहित अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। यह कार्य ह्लमानव सेवा ही माधव सेवा के संकल्प का जीवंत उदाहरण है।

# स्काउट-गाइड की भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परम्पराओं की प्रस्तुति प्रशंसनीय : सुरेश खन्ना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी कार्यक्रम में पेजेंट शो का किया उद्घाटन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बुधवार को राजधानी लखनऊ में चल रहे 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी कार्यक्रम में पेजेंट शो का उद्घाटन किया। उनके आगमन पर स्काउट-गाइड के बच्चों ने पारम्परिक स्काउट सलामी, ध्वज सम्मान, गाइड क्लैप और पुष्प भेंट के साथ अत्यंत अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया। स्वागत दल ने मंत्री को सम्मानपूर्वक मुख्य मंच तक एस्कॉर्ट किया, जिसके बाद कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन के उपरांत मंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों तथा सांस्कृतिक इकाइयों द्वारा प्रस्तुत चलित झांकियों, लोकनृत्यों, पारम्परिक वेशभूषाओं, संगीत प्रस्तुतियों और थीम-आधारित कार्यक्रमों का विस्तृत अवलोकन किया। इस वर्ष पेजेंट शो विशेष रूप से आकर्षक रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक गौरव और स्वतंत्रता आंदोलन की प्रमुख घटनाओं - जैसे काकोरी कांड, चौरी-चौरा कांड को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। साथ ही महाकुम्भ की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक छटा और



समस्त प्रदेशों की सांस्कृतिक झांकियों ने पूरे कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। प्रतिभागियों ने अपने-अपने प्रदेश की कला, परम्परा और सांस्कृतिक विशेषताओं को अत्यंत अनुशासित, सजीव और मनोहारी रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित दर्शक भारत की विविधता का एक ही मंच पर अनुभव कर सकें। मंत्री सुरेश खन्ना ने पेजेंट शो में स्काउट-गाइड की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि स्काउट- गाइड ने भारत की संस्कृति, स्वतंत्रता संग्राम और आध्यात्मिक परम्पराओं को जिस सौंदर्य, अनुशासन और सजीवता के साथ प्रस्तुत किया है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने बच्चों के उत्साह और मंचीय क्षमता को राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मंच पर उपस्थित डॉ. महेन्द्र सिंह और डॉ. प्रभात कुमार ने मंत्री का स्वागत किया और कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराया। समापन के अवसर पर मंत्री सुरेश खन्ना को 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का पवित्र शुभंकर ''शार्दू'' सम्मान स्वरूप भेंट किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार, स्टेट कमिश्नर स्काउट डॉ. राजेश मिश्रा, स्टेट कमिश्नर गाइड डॉ. ललिता प्रदीप, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. वंदना तिवारी, हेडक्वार्टर कमिश्नर इन्फ्रादेवेंद्र बलियान तथा संयुक्त सचिव देवकी शॉभित उपस्थित रहे।

# राजभवन के कर्मचारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में राजभवन, लखनऊ में संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन कर संविधान के प्रति निष्ठा, नीतिपरायणता एवं कर्तव्यपालन की शपथ ग्रहण की। यह क्षण अत्यंत गौरवपूर्ण एवं भावनात्मक रहा, जिसने प्रत्येक सहभागी को भारतीय लोकतंत्र की मूल भावना और संवैधानिक आदर्शों की पुनः स्मृति कराई। कार्यक्रम में राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारियों ने भारतीय संविधान की विशेषताओं, उसके महत्व तथा भारतीय संविधान को समृद्ध बनाने में महिलाओं के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि संविधान सभा में शामिल महिला सदस्यों जैसे सरोजिनी नायडू, हंसा मेहता, दुर्गाबाई देशमुख आदि ने भारतीय समाज में महिलाओं की समानता, शिक्षा, सम्मान और गरिमा के अधिकारों को संवैधानिक स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों, अनुच्छेदों, अधिकारों, कर्तव्यों एवं ऐतिहासिक संदर्भों पर आधारित एक विशेष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा पीपीटी और वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय संविधान के इतिहास, निर्माण प्रक्रिया, प्रमुख अनुच्छेदों, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा संविधान निर्माताओं के योगदान की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक आयाम दिए। इसके साथ ही हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विशेष सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किया गया, जहाँ अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान के प्रति अपने गर्व और सम्मान को अभिव्यक्त करते हुए तस्वीरें लीं।

# एमबीबीएस में एडमिशन के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ साइबर क्राइम सेल ने बुधवार को ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो एमबीबीएस, डीफार्मा और इंजीनियरिंग कोर्सेस में एडमिशन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी कर रहे थे।? गिरोह का सरगना समेत दो लोग पकड़े गए हैं, जिन्होंने यूपी समेत कई राज्यों में ठगी की है। साइबर क्राइम प्रभारी बृजेश कुमार यादव ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों में बिहार के औरंगाबाद निवासी प्रेमशंकर विद्यार्थी उर्फ अभिनव शर्मा और समस्तीपुर निवासी संतोष कुमार शामिल है। प्रेमशंकर गिरोह का सरगना है। उनके पास से पुलिस को करीब पांच लाख रुपये नकद, कई मोबाइल, छह सीपीयू, छह मॉनिटर,कई विभागों की मोहरें, चेकबुक और ठगी में इस्तेमाल किया जाने वाला पूरा सेटअप बरामद हुआ हैं। प्रभारी ने बताया कि ठगी का मामला तब उजागर हुआ जब पीड़ित इंदिरानगर निवासी विजय बहादुर ने साइबर थाना पर तहरीर दी कि कुछ लोगों ने अपने आपको हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज का प्रतिनिधि बताकर उससे 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह में शामिल लोग लंबे समय से कम मेरिट वाले नीट अभ्यर्थियों और उनके परिवारों का डाटा खरीदकर उन्हें फोन करते थे। आरोपित फर्जी वेबसाइट, इंस्टाग्राम पेज और एडमिशन कंसल्टेंसी बनाकर यह दावा करते थे कि वे मैनेजमेंट कोटे में एमबीबीएस सीट दिलवा देंगे। इसी गिरोह ने राजेश वर्मा से 20 लाख, दीप सिंह से 38 लाख, प्रीति सिंह से 23 लाख, अनिल कुमार से 18 लाख और स्मिता राव से 45 लाख रुपये ठगे थे। साइबर क्राइम प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरोपित प्रेमशंकर विद्यार्थी, जो पिछले कई वर्षों से अलग?अलग राज्यों में फर्जी एडमिशन कंसल्टेंसी खोलकर फरारियों की जिंदगी जी रहा था। वह पकड़े जाने से बचने के लिए लोगों की अलग-अलग आईडी और फर्जी नामों का इस्तेमाल कर रहा था। टीम ने उसे कठौता झील के पास से दबोचा, जब वह अपने लोगों से मिलने आया था। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह नीट अभ्यर्थियों का डाटा खरीदता था और खुद को बड़े मेडिकल कॉलेजों का प्रतिनिधि बताकर करोड़ों रुपये वसूलता था। कई राज्यों में इसके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह के बाकी सदस्यों और बैंक खातों की जांच जारी है।

## युवक का शव पेड़ से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में बुधवार को एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानकर जांच शुरू कर दी है। ककोरी थाना प्रभारी सतीश चंद्र ने बताया कि ग्राम कुसमौरा में बुधवार सुबह आम के बाग में एक युवक के फांसी लगाने की सूचना पुलिस को मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर छानबीन की। मृतक की पहचान इसी गांव के रहने वाले जितेंद्र उर्फ बाबू (25) के रूप में हुई है। उसका शव आम के पेड़ से उसके ही अंगोछे के सहारे लटका हुआ मिला था। ग्रामीणों और परिजनों की मौजूदगी में मौके की पूरी वीडियोग्राफी कराते हुए शव को नीचे उतारकर घटना के संबंध में घरवालें से पूछताछ की गई। मामला संदिग्ध मानकर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# नोडल विशेषज्ञों को एससीईआरटी ने किया प्रशिक्षित, स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम को मिलेगी गति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के निर्देशन और नेतृत्व में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने 24 से 26 नवंबर तक लखनऊ स्थित गंगा सभागार में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला बुधवार को समापन हुआ। इस दौरान प्रदेश के 75 जिलों के 150 नोडल एसआरजी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण या डायट मेंटर्स को स्कूल रेडीनेस के प्रभावी संचालन के लिए प्रशिक्षित किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं में नामांकित बच्चों के लिए स्कूल रेडीनेस के अंतर्गत कक्षा-1 में नवप्रवेशित बच्चों को पूर्व प्राथमिक से सम्बन्धित प्री- कान्सेप्ट से अवगत कराते हुए औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करना था। इस दौरान प्रतिभागियों को पूर्व-प्राथमिक स्तर से सम्बद्ध भाषा विकास, प्रारंभिक अंकीय दक्षताओं तथा पर्यावरणीय प्री-कॉन्सेप्ट संबंधी कौशलों की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे नवप्रवेशित बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए प्रभावी रूप से तैयार कर सकें। उत्तर प्रदेश स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी ने बताया कि स्कूल रेडीनेस के माध्यम से हमारा उद्देश्य कक्षा एक में आने वाले प्रत्येक बच्चे को सीखने की समान और मजबूत आधारशिला प्रदान करना है। इस प्रशिक्षण के मध्यम से नोडल एसआरजी और जिला समन्वयक प्रशिक्षण/डायट मेंटर्स न केवल स्वयं दक्ष हुए हैं, बल्कि अब वे पूरे प्रदेश में गतिविधि-आधारित, प्री-स्किल केंद्रित और बाल-केंद्रित शिक्षण मॉडल को सुदृढ़ रूप से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। यह प्रयास प्रारंभिक कक्षाओं में सीखने के परिणामों को नई दिशा और गति देगा।

## बेकाबू पिकअप वाहन की टक्कर से छात्र की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रहीमाबाद थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह सड़क हादसे में नौवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। रहीमाबाद थाना प्रभारी अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि ग्राम अहमदाबाद कटौली निवासी हजारी प्रसाद ने थाना रहीमाबाद पर तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र अंश (15) रोजाना की तरह बुधवार सुबह अपने दोस्त अमन के साथ साइकिल से स्कूल (चांदपुर) जा रहा था। रास्ते में विपरीत दिशा से आए तेज रफ्तार चार पहिया पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उनके पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई।चालक वरदात के बाद वाहन लेकर फरार हो गया। थाना प्रभारी अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि छात्र अमन के बयान के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है। मदद के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि वाहन का नंबर और चालक की पहचान की जा सके।

## उत्तर प्रदेश की करीब सवा लाख वक्फ संपत्तियां जल्द होंगी उम्मीद पोर्टल पर पंजीकृत : राज्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने बुधवार को लखनऊ स्थित सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण वक्फ संशोधन अधिनियम लागू होने के बाद उम्मीद पोर्टल की प्रगति एवं उसके क्रियान्वयन की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सीईओ मासूम अली सरवर मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सभी कक्षों का गहन निरीक्षण किया और रिकॉर्ड रूम में रखी फाइलों को शीघ्र डिजिटल करने का निर्देश दिया। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि वक्फ संपत्तियों से जुड़ी सभी फाइलों और दस्तावेज का सही ढंग से रख रखाव किया जाए।निरीक्षण के दौरान मंत्री ने प्रदेशभर से आए विभिन्न वक्फ मुतवल्लियों से मुलाकात की तथा उन्हें वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण, प्रबंधन, पारदर्शिता तथा डिजिटलीकरण से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने मुतवल्लियों से संवाद करते हुए कहा कि उम्मीद पोर्टल वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, बेहतर निगरानी और सुचारु प्रशासन के लिए केंद्र की मोदी सरकार द्वारा उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

# दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान की ओर से महानिदेशक संस्थान के संरक्षण व अपर निदेशक सुबोध दीक्षित के मार्ग निर्देशन में ''भारतीय संविधान दिवस'' के अवसर पर संस्थान के बुद्धा सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

समारोह के आयोजन के अवसर पर अपर निदेशक सुबोध दीक्षित द्वारा संस्थान के समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों तथा संस्थान प्रांगण में आयोजित हो रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लगभग 200 प्रशिक्षु प्रतिभागियों को संकल्पबद्धता के साथ भारतीय संविधान की शपथ दिलाई। इसके बाद एक संक्षिप्त वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संविधान निर्मात्री समिति के समस्त सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ संस्थान के प्रमुख संकाय अधिकारियों द्वारा भारतीय संविधान और भारत की प्रजातांत्रिक प्रणाली पर प्रासंगिक व उपयोगी विचार प्रकट किए गए। सुबोध दीक्षित ने भारतीय संविधान में वर्णित उन प्रमुख बिन्दुओं नीति निर्देशक तत्व, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह हमारा संविधान विश्व का इसलिए सर्वश्रेष्ठ संविधान है कि इसके अन्तर्गत सभी धर्मों व सभी वर्गों तथा जातियों के उत्थान के लिए समुचित एवं यथोचित स्वतंत्रता तथा व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। आयोजन के प्रबंधन के दृष्टिगत संस्थान के समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# पर्यटन मंत्री ने राज्य संग्रहालय में छात्र-छात्राओं को वितरित किए पुरस्कार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। विश्व धरोहर सप्ताह के दौरान आयोजित की गयी विभिन्न गतिविधियों के विजयी प्रतिभागियों को उ0प्र0 के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पुरस्कार वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जयवीर सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को विश्व धरोहरों को संरक्षित करने के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने की जरूरत है। हमारी विरासत आने वाली पीढ़ियों को युगों-युगों तक मागदर्शन देते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य संग्रहालय में संरक्षित बहुमूल्य कृतियां दर्शकों को हमारे अतीत का स्मरण कराती हैं। उनके द्वारा प्रतिभागियों द्वारा बनायी गयी कृतियों का अवलोकन करते समय सराहना की गयी। उन्होंने संविधान दिवस के पावन अवसर पर संग्रहालय में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों एवं संग्रहालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलायी। तत्पश्चात डा0 सृष्टि धवन, निदेशक, उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ ने विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर कराये गये कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

# लखनऊ में निविदा कर्मियों का हंगामा, शक्ति भवन के बाहर जाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के शक्ति भवन मुख्यालय के बाहर बुधवार सुबह से ही निविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का प्रदर्शन तेज हो गया। सैकड़ों कर्मचारियों ने सड़क पर दरी बिछाकर बैठ-प्रदर्शन शुरू किया, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। आम लोगों की आवाजाही बाधित रही। प्रदर्शनकारियों ने सरकारी उदासीनता के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि 10 से 11 हजार की मामूली तनख्वाह पर कठिन ड्यूटी करने के बावजूद विभाग अब उन्हें हटाने की तैयारी में है। उनका कहना है कि लगातार छंटनी का खतरा बना हुआ है और उनकी शिकायतों पर न तो विभाग ध्यान दे रहा और न ही सरकार ने कोई ठोस कदम उठाया है। मौके पर स्थिति नियंत्रण में रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पावर कॉरपोरेशन में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के कारण निविदा कर्मचारियों को बाहर करने की कवायद चल रही है। कर्मचारियों ने कहा कि बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने में सबसे अधिक जिम्मेदारी आउटसोर्सिंग और निविदा कर्मियों पर रहती है, ऐसे में 11 हजार वेतन पाने वाले कर्मचारियों को हटाना 'अनुचित और अन्यायपूर्ण' है। उनका कहना है कि पहले हुए आंदोलनों के बाद 18 हजार न्यूनतम वेतन का आदेश जारी जरूर हुआ, लेकिन उसे आज तक लागू नहीं किया गया। उधर, बढ़ते हंगामे को देखते हुए प्रशासन ने शक्ति भवन के चारों ओर सुरक्षा घेरा मजबूत कर दिया है। एहतियातन जीएसटी ऑफिस की ओर जाने वाला रास्ता भी बंद कर दिया। खबर लिखे जाने तक अधिकारियों की कई टीमें मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों से बातचीत कर स्थिति सामान्य करने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन प्रदर्शन जारी है।

# संविधान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संवैधानिक नैतिकता की आवश्यकता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। भारत का संविधान अपनाने के उपलक्ष्य में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था, मगर यह 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। इस दिवस विशेष पर डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रोफ़ेसर सुबीर भटनागर से खास बातचीत की।

सवाल : देश के संविधान को किन कारकों से खतरा है और इसे बचाने के लिए किस प्रकार के प्रयास करने चाहिए ?

जवाब : प्रोफ़ेसर सुबीर भटनागर ने कहा कि पहले हमें यह समझना होगा कि संविधान और उसकी मूल आत्मा क्या है ? उन्होंने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में यह चेतावनी दी थी कि संविधान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संवैधानिक नैतिकता की आवश्यकता होगी। इस नैतिकता को मन में, व्यवहार में उतारना होगा। भारतीयों में यह नैतिकता प्राकृतिक रूप से नहीं है, अतएव संविधान को दृष्टि में रखते हुए हर भारतीय को एक नई नैतिकता को कृत्रिम रूप से गढ़ना होगा। संविधान कितना भी अच्छा हो, परन्तु उसका संचालन करने वाले लोग यदि अच्छे नहीं हैं तो अच्छा संविधान भी असफल हो जाएगा। संवैधानिक नैतिकता का पालन राजनेता, अधिकारी और सभी नागरिकों द्वारा किया जाए तभी संविधान के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है और देश के



खुशहाली सूचकांक में बढ़ोतरी हो सकती है।

सवाल : भारत के संविधान का लक्ष्य क्या है?

जवाब : इस सवाल पर बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफ़ेसर (मानवाधिकार) सुबीर भटनागर का कहना है कि भारत एक कल्याणकारी राज्य है जिसका उद्देश्य हर ग़रीब की आंख से हर आंसू को पोंछना है। अंत्योदय ही चरम संवैधानिक लक्ष्य है। संविधान ने देश को समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए सरकारों को अनेक शक्तियां दी हैं पर इन शक्तियों का उपयोग संवैधानिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु ही करना है। इन शक्तियों का उपयोग संवैधानिक दायरे में रह कर ही किया जाना चाहिए। 'रूल ऑफ लॉ' का उल्लंघन नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह संविधान का मूल तत्व है। समृद्ध राष्ट्र में सामाजिक न्याय का वास होना चाहिए, लोगों की बुनियादी ज़रूरतें का पूरा होना , रोज़गार प्राप्त होना आदि भी ज़रूरी है।

प्रोफ़ेसर भटनागर का कहना है कि सामाजिक न्याय संविधान की मुख्य धुन (पद्वद्दद्धथण्फ्न्द्द प्प्द्धद्द) है। ''विधि के शासन राज्य'' में जनकल्याण के कार्य भी मनमर्ज़ी के कानूनों और नियमों के द्वारा नहीं किए जा सकते हैं। कानून बनाने वाली संसद या विधान सभाएं किसी भी हालत में संविधान से ऊपर नहीं हैं। विधेयकों पर संसद, विधान सभा में समुचित और खुली बहस होनी चाहिए।

सवाल : संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी से क्या आशय है ?

जवाब : प्रोफ़ेसर भटनागर का कहना है कि हम भारत के लोगों की स्वतंत्रता को संविधान ने नहीं दिया है, बल्कि संविधान में हम नागरिकों ने इस गारंटी को लिखा है। जनतंत्र को जीवित रखने के लिए बोलने की स्वतंत्रता आवश्यक है। इस स्वतंत्रता के द्वारा ही समाज में मुक्त बहस होती है। न्यायालयों को इसकी रक्षा करनी चाहिए, परन्तु कई मामलों में कोर्ट इसकी समुचित रक्षा करने में अपनी ज़िम्मेदारी नहीं निभा पा सके हैं। इसी प्रकार, स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने कई बार कहा है कि ज़मानत देना नियम है और जेल भेजना अपवाद है। परन्तु जनपद न्यायालय इसका पालन करने से हिचकते हैं और वहां ज़मानत मिलना लगभग असंभव सा हो गया है। विचारणीय यह कि उच्च न्यायालयों में भी ज़मानत के मामले कई महीनों तक लंबित रहते हैं। आमजन को लगने लगा है कि देश में संविधान का शासन ना होकर किसी न्यायाधीश का शासन है। नागरिकों की संविधान में, न्याय व्यवस्था में आस्था बनी रहनी चाहिए। संविधान की सफलता में नागरिकों की आस्था की सबसे बड़ी भूमिका होती है। पिछले कुछ वर्षों में नागरिकों में संविधान की श्रेष्ठता तथा उपयोगिता के बारे में नई चेतना का संचार होता देखा जा रहा है। आजकल धरने में, प्रदर्शनों में, राजनीतिक जमावड़ों में संविधान की प्रति हाथों में लहराई जा रही है। 1950 में संविधान लागू होने के बाद इस तरह संवैधानिक प्रस्फुरण और संवैधानिक जागरूकता पहली बार देखने को मिल रहे है, इसका एक अर्थ यह भी है कि नागरिक यह जतलाना चाह रहे हैं कि संविधान न्यायालय में बहस करने वाली एक पुस्तक मात्र नहीं है बल्कि जन गण के मन में बसने वाली एक पवित्र आकांक्षा है।

सवाल : वर्तमान राजनीतिक संदर्भ में कैसे होगी संविधान की रक्षा ?

जवाब : इस सवाल पर प्रो.फ़ेसर भटनागर का जवाब सबसे महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि संविधान की रक्षा करने में उच्चतम और उच्च न्यायालयों की विशेष भूमिका है, गुरुत्तर दायित्व है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे कई निर्णय आए हैं जिसमें न्यायपालिका सुदृढ़ रूप से खड़ी होती नज़र नहीं आई है, ज्यूडिशियरी को कभी कभी संविधान की रक्षा के लिए ताक़त भी दिखाने को तत्पर रहना चाहिए। आने वाले समय में संविधान पर आघातों या चुनौतियों का सामना करने के लिए सिविल सोसाइटी और न्यायालयों को मिल कर काम करने के लिए तत्पर रहना होगा।

सवाल : राजनीतिक एक दूसरे पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाते हैं इसे आप किस रूप में देखते हैं?

जवाब : ये सब राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप हैं। वे आपस में एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं और यह बहस का मुद्दा है लेकिन मेरा मानना है कि दलों के इन आरोपों की एक वजह अपना वोट बैंक बढ़ाना भी है।

# हमें भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करना चाहिए: डीएम


राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान संकल्प की शपथ दिलायी।

उन्होंने कहा कि हमें भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और देश में संप्रभुता, अखण्डता की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के तमाम संविधानों को बारीकी से देखने-परखने के बाद डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार कर कर 26 नवंबर 1949 को इसे भारतीय संविधान सभा के समक्ष लाया गया। इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपना लिया। यही वजह है कि देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कहा कि हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपंन, सामाजवादी, पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए उन सब में व्यक्ति की गरिमा और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दूढसंकल्प होकर भारत के संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं, इस संकल्प/शपथ को सभी ने हाथ उठाकर दोहराया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वोट के अधिकार को छीनना चाहती है भाजपा: शारिब

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**शाहाबाद ( हरदोई )।** विधानसभा के सेक्टर हुंसेपुर करमाया के बूथ जसमई खिरोना के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी की बैठक का आयोजन सेक्टर अध्यक्ष पारसनाथ की अध्यक्षता में हुआ। इस मौक़े पर जिला कोषाध्यक्ष कफील खान ने अपने **"गीत कितना वीरान उसने चमन कर दिया? आज किसके हवाले वतन कर दिया"** के माध्यम से डबल इंजन की सरकार को घेरते हुए कहा आज देश में हिन्दू और मुस्लिम भाई-चारे को खत्म करने का काम किया जा रहा है। देश की मीडिया सरकार की दलाल मीडिया बनकर देश में ज़हर घोलने का काम करती आ रही। इसीलिए हम लोगो को एक होकर मजबूती के साथ प्रदेश में बहुजन पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लेना होगा। ताकि लोगों की आने वाली नस्ले भी इसका भुगताम नहीं अदा कर पाएंगी। श्री खां ने कहा किसी तरह की कोई दिक्कत लगे तो पार्टी द्वारा रुके हुए विकास को गति मिल सके। उन्होंने कहा बहन कुमारी मायावती से 2027 के विधानसभा के लिए आशीर्वाद लेकर आये शारिब हुसैन खान ने कहा देश की सरकार और चुनाव आयोग की मिलीभगत से लाया गया एस आई आर द्वारा हम लोगों को बाबा साहब द्वारा दिया गये वोट के अधिकार से वंचित करना चाहती है। हम लोगो को चाहिए एक दिन काम काज को छोड़ दें और अपने अपने वोट का बचाने का काम हम लोगो को करना होगा। यदि हम लोग वोट से वंचित रहे गए तो हम हर बूथ पर एक एक बूथ लेबल एजेंट बनाया गया है जिसका काम बी एल ओ से मिलकर प्रत्येक बूथवासियों की पूरी मदद करें। बैठक का समापन सेक्टर अध्यक्ष एवं बैठक के आयोजक ने समस्त बूथ प्रभारियों का आभार प्रकट करके किया गया। इस मौक़े पर पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अरविन्द गौतम, विधानसभा सचिव सभासद आदित्य गौतम, ग्राम प्रधान रामवीर, राजेंद्र प्रजापति, राशिद हुसैन खां, अहिबरन पाण्डेय, अम्मार खान आदि लोग मौजूद रहे।

## वरमाला कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**पिहानी ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** माँ इच्छापूर्णी रामजानकी मंदिर में चल रहे श्री राम विवाह महोत्सव में रामबारात के आगमन पर वरमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकार बनी सीता के द्वारा श्री राम को वरमाला पहनाते ही पाण्डाल जय जयकारों से गूँज उठाए लोगों ने पुष्पवर्षा कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। नगर में चल रहे श्री रामजानकी विवाह महोत्सव देखने लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रामबारात के आगमन पर मंदिर के समीप बने कार्यक्रम स्थल पर देर शाम वरमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों ने सजीव मंचन करते हुए दिखाया कि जब किशोरी जी श्री राम से छोटी होने के कारण वरमाला नहीं पहना पाई तो उन्होंने उनके छोटे भाई लखनलाल से सहायता माँगीए जिस पर लक्ष्मण जी एकाएक बड़े भाई के चरणों पर गिर पड़ेए ज्यों ही श्री राम उन्हें उठाने को झुकेए मौका पाकर सीता जी ने श्री राम के गले में वरमाला डाल दी। वरमाला पड़ते ही पूरा पाण्डाल सियावर रामचन्द्र की जय जयघोष से गूँज उठा। दर्शक दीर्घा में मौजूद सैकड़ों नर.नारियों ने पुष्पवर्षा की। देवी देवताओं के स्वरुप में सजीव झांकियों ने आकाश मार्ग से पुष्पवर्षा कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। आचार्यों ने मंगला चरण किया। भक्तों में भण्डारा प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर महंत वैष्णव हरिशरण महाराज, अनिरुद्ध भईया, दुर्गेश पाण्डेय, अखिलेश बाजपेई, बालमुकुंद रस्तोगी, धर्मेंद्र सोनी, आशीष मिश्रा, मिथिलेश चंद्र गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, प्रदीप कुमार, अनुराग मिश्रा आदि रहे। वहीं कथा प्रसंग के अन्तर्गत पूज्य प्रकाश चंद्र महाराज ने विवाह पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, कि इस तिथि का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, त्रेतायुग में भगवान श्री राम और माँ जानकी का वैवाहिक बंधन हुआ था, ठाकुर श्री बांके बिहारी का प्राकट्य उत्सव है। श्री रामचरितमानस मानस में तुलसीदास जी ने लिखा है सिय रघुबीर बिबाहु जे सप्रेम गावहिं सुनहिं। तिन्ह कहुँ सदा उछाहु मंगलायतन राम जसु॥ रामविवाह प्रसंग को पढ़ने, सुनने और देखने की बड़ी महिमा है। कथा प्रतिदिन 30 नवंबर तक चलेगी। हवन पूर्णाहुति रामार्चा महायज्ञ 1 दिसंबर को होगा।






## कार्यालय ग्राम पंचायत-धिन्नी तुसौरा, विकास खण्ड- सुरसा, हरदोई

पत्रांक- मेमो/मनरेगा/2025-26 दिनाँक-26.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत- धिन्नी तुसौरा, विकास खण्ड-सुरसा, हरदोई द्वारा मनरेगा के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर सामग्री (सीमेन्ट, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, ईट प्रथम, पत्थर गिट्टी, पेच, नेटबोल्ट, पाइप, टिनसेड, सरिया आदि ) आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनाँक-27.11.2025 से 03.12.2025 को 03:00 बजे तक प्राप्त कर जमा कर सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनाँक-03.12.2025 को समिति द्वारा सायं 04:00 बजे कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0) |
|---|---|---|
| 1. | पुनीत कुमार पुत्र नत्थू लाल का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 2. | कृष्ण पाल पुत्र जगन्नाथ का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 3 | महगे लाल पुत्र रामऔतार का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 4 | रामकृष्ण पुत्र मातादीन का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 5 | वीरेंद्र पुत्र हेमंचल का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 6 | मंजू पत्नी मुकेश का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 7 | गुड्डी पत्नी सुरेश का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 8 | लक्ष्मी देवी पत्नी रामऔतार का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 9 | पेशकार पुत्र कप्तान का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 10 | गया प्रसाद पुत्र जयराम का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 11 | गुड्डी पत्नी नरेन्द्र कुमार का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 12 | राम सनेही पुत्र गुरु बक्श का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 13 | प्रदीप कुमार पुत्र विनोद कुमार का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 157923.00 |
| 14 | सुनीत कुमार पुत्र ओम प्रकाश का कैटल शेड निर्माण कार्य। | 158423.00 |

नोट-
1- निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुयी किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी।
3- बिना बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4- निविदा फार्म पर उल्लेखित साफ शब्दों में अंकित करें।
5- धन की उपलब्धता पर कार्य कराया जायेगा।
6- कार्यो की कटौती प्रावधान/ लागू दरों की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7- प्राविधारित कार्यो की मा़त्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

(डोरी लाल)
प्रधान
ग्राम पंचायत-धिन्नी तुसौरा,
विकास खण्ड- सुरसा, हरदोई

(श्रीमती दीक्षा त्रिपाठी)
सचिव
ग्राम पंचायत-धिन्नी तुसौरा,
विकास खण्ड- सुरसा, हरदोई


## 46 सफाई कर्मचारियों का वेतन काटा गया

■ एसआईआर कार्य में बीएलओ का सहयोग न करने पर कार्रवाई

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** ब्लाक क्षेत्र के एस.आई.आर. कार्य में बीएलओ का सहयोग न करने और अनुपस्थित रहने पर खंड विकास अधिकारी ने 46 सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की है जिससे सफाई कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। चुनाव आयोग के महत्वपूर्ण कार्य एस आई आर में शाहाबाद ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों को निर्वाचकों एवं बीएलओ को कार्य संपादित करने में सहयोग करने के लिए ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन 25 नवंबर को निरीक्षण के दौरान 46 सफाई कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। उन्होंने निर्वाचकों एवं बीएलओ को कार्य में कोई सहयोग प्रदान नहीं किया। इसलिए खंड विकास अधिकारी ने सभी 46 सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की है, जिससे सफाई कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति है।

## सड़क हादसे में माँ बेटे की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी थाना क्षेत्र के जहानी खेड़ा में 23 नवम्बर को हुए सड़क हादसे मे माँ बेटे की मौत के मामले मे पुलिस ने मृतक के भाई की लिखित तहरीर के आधार पर भारत मैत्री बस सेवा के चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। शाहजहांपुर जनपद के काँट थाना छेत्र के मरैहया निवासी मृतक के भाई अजमल पुत्र इस्मत के अनुसार 23 नवम्बर को उसके छोटे भाई अनवर के सिर में चोट लग जाने के कारण वह एम्बुलेंस से भाई को लेकर लखनऊ जा रहा था। उसके साथ चाचा साजिदए मामा साबिर और माँ अंजुम भी एम्बुलेंस मे सवार थे। पिहानी थाना क्षेत्र के जहानी खेड़ा में हरिहर धर्मकांटा के निकट भारत मैत्री बस सेवा के चालक नेपाल के रूपांडेही जनपद के देवी नगर निवासी विष्णु बहादुर बीका पुत्र चतुर्भुज ने एम्बुलेंस मे टक्कर मार दी। जिससे एम्बुलेंस में सवार सभी लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना स्थल पर ही उसकी माँ अंजुम की मौत हो गयी। उसके भाई अनवर को इलाज के लिए जिला अस्पताल से बरेली रेफर कर दिया गया। भाई की रास्ते में मौत हो गयी। मामा और चाचा का गंभीर हालत मे निजी अस्पताल शाहजहांपुर में इलाज चल रहा है । पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पिहानी पुलिस ने आरोपी बस चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## गन्ना लदा ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ा, बल्लियां लगाकर पलटने से रोंका गया ट्रक

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बुधवार को दोपहर शाहजहांपुर हरदोई हाईवे पर अल्लाहपुर में एक गन्ना लदा ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया जिससे लोग बाल बाल बच गए। डिवाइडर पर चढ़कर ट्रक पलटने लगा तो बल्लियों का सहारा देकर ट्रक को रोका गया। हाईवे पर एक बड़ी दुर्घटना टल गई लेकिन यातायात निरीक्षक को इसकी भनक तक नहीं लगी। उधरनपुर की ओर से ओवरलोड गन्ना लदा ट्रक लोनी चीनी मिल जा रहा। ट्रक अल्लाहपुर में अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर पर चढ़ गया। डिवाइडर पर चढ़ने के बाद जब ट्रक धीरे.धीरे पलटने लगा तो ट्रक में बल्लियां लगाकर ट्रैक को रोका गया। हमारे दर्शक स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि किस तरह से ओवरलोड गन्ना लदा ट्रक बल्लियों के सहारे रुका हुआ है। एक बड़ी दुर्घटना टल गई। ऊपर वाले का लाख.लाख शुक्र रहा। लेकिन यातायात निरीक्षक या पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। कुछ ही देर बाद इस ट्रक का गन्ना उतार कर दूसरे ट्रक में लद जाएगा और फिर इसी तरह से ओवरलोडेड ट्रक हाईवे पर दौड़ते हुए नजर आएंगे।

## मारपीट की घटनाओं मे आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र मे अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। ग्राम पलतुआ निवासी नीलम पत्नी नरवीर के अनुसार 23 नवम्बर की शाम 5 बजे सफाई कर्मी द्वारा नाली साफ कर मलवा किनारे लगाने को लेकर रात 9 बजे गाँव निवासी रामसिंह पुत्र मोहन ने अपने पुत्र रजनीशए जयवीर और खुशीराम पुत्र रामचंद्र के साथ उसके ससुर को गाली गलौज किया गाली देने से मना करने पर आरोपी लाठी डंडे लेकर उसके घर मे घुस आये और उसकी सास रेशमाए ससुर गिरीशए चाचा ससुर जग्गा सभी को मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपी पूर्व मे भी मारपीट कर चुके हैँ। पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की थी बेहटा धीरा निवासी उत्कर्ष पुत्र पंकज सिंह के अनुसार 24 नवम्बर को गाँव निवासी अक्षय प्रताप सिंह अपने पिता नितिन के साथ उसके खेत से जबर दस्ती मिट्टी खुदवा रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने उसे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में उसकी सोने की एक अंगूठी और चांदी का एक ब्रेसलेट गिर गया । थाना क्षेत्र के अलग अलग गाँव मे हुई मारपीट की घटनाओं मे पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी हैण

## कोथावा चौकी से महेज 200 मीटर की दूरी से चोरी हुई मोटरसाइकिल ग्रामीणों में दहशत

**कोथावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी कोथावां से कुछ दूरी पर संडीला बेनीगंज मार्ग सोनू शुक्ला के दुकान के पास से चोरी हुई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल न् च् 32 थ्ड 3606 बीती शाम करीब ०6:30 बजे रघुवीर सिंह खून्नू पुत्र श्री चंद्रपाल सिंह पाही कोथावां कुछ सामान लेने सोनू शुक्ला सोनू शुक्ला की दुकान पर जा रहे थे वहां पहुंचने पर उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल सोनू शुक्ला के दुकान के सामने खड़ी की मोटरसाइकिल खड़ी करने के बाद वह सामान लेने के लिए सोनू शुक्ला की दुकान पर गए वापस आकर देखा मोटरसाइकिल गायब मिली उसके बाद इधर-उधर काफी खोजबीन की मोटरसाइकिल का कहीं कोई पता नहीं लगा जिसकी सूचना चौकी इंचार्ज कोथावां रामानंद मिश्रा को दी व लिखित प्रार्थना पत्र दिया जानकारी करने पर रामानंद शुक्ला ने बताया कि कोथावा में लगे सीसीटीवी कैमरो की छानबीन की जा रही है जल्द ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कैंप का हुआ आयोजन

■ मतदाताओं की सुविधा के लिए आजाद नगर के कोटेदार ने लगाया कैंप

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** एस.आई.आर. के फार्म भरने में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु एक कैंप का आयोजन मोहल्ला आजाद नगर में किया गया। मतदाता पुनरीक्षण के कार्य में आजाद नगर, रद्देपुरवा के बूथों के बी.एल.ओ. ने सहयोग प्रदान करते हुए सभी के फॉर्म जमा करते हुए उनके डिजिटलाइजेशन का काम किया। कोटेदार गोपाल जी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य राष्ट्रीय कार्य है, प्रत्येक मतदाता को अपना फॉर्म भरकर जमा करना है, लोगो को असुविधा न हो इसलिए इस कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मुनादी करवाकर लोगों को जानकारी दी गई तथा बीएलओ, सुपरवाइजर तथा सहायकों के माध्यम से कार्य संपन्न कराया गया। ग्राम वासियों को जागरूक करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है जिसमें लोगों को सुविधा मिल रही है। कैंप में 705 लोगों ने अपना फॉर्म जमा किया। लोगों ने इस कैंप को उपयोगी बताते हुए जमकर इसकी प्रशंसा की। कैंप में प्रमुख रूप से सुपरवाइजर रवि शुक्ला, विनीत पाल, निर्भय दीक्षित, मृदुल दीक्षित ने सहयोग प्रदान किया।

# अधिवक्ता संघ हरदोई में हुआ डॉ0 शालिनी का सम्मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना





**हरदोई।** बुधवार को बार एसोसिएशन हरदोई की ओर से अधिवक्ता डॉ0 आदर्श दीपक मिश्रा की पत्नी श्रीमती डॉ0 शालिनी मिश्रा को पी0एच0डी0 की उपाधि प्राप्त होने पर बार एसोसिएशन का सम्मानित सदस्य बनाते हुए उनको मातृ शक्ति प्रज्ञा सम्मान से सम्मानित किया गया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह तोमर ने सम्मानित करते हुए कहा कि महिलाओ को शिक्षा के क्षेत्र में पी0एच0डी0 की उपाधि प्राप्त करना अत्यन्त गौरव व सराहनीय कार्य है। अधिवक्ता संघ हरदोई इन्हे सम्मानित करते हुए अत्यन्त गौरव का अनुभव कर रह है। बार एसोसिएशन के महामंत्री अनिल मिश्रा ने कहा कि डॉ0 शालिनी घरेलू दायित्वो का निर्वहन करते हुए हिन्दी साहित्य में पी0एच0डी0 की डिग्री प्राप्त की है जो सभी के लिये प्रेरणा दायक है। वरिष्ठ अधिवक्ता बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामऔतार शुक्ला जी ने कहा कि डॉ0 शालिनी मिश्रा को आर्शीवाद देते हुए कहा कि शालिनी मिश्रा ने पी0एच0डी0 की डिग्री प्राप्त की है अब यह अपने अनुभव एंव कार्यो से शिक्षा के क्षेत्र में बेटियो और महिलाओ के लिये कार्य करेगी। हम इनके उज्जवल भविष्य की कॉमना करते है। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष पी0के0 मिश्रा, कृष्णाकान्त मिश्रा, सत्यम तिवारी, जे0पी0 त्रिवेदी, प्रतिमा मिश्रा संयुक्त मंत्री प्रकाशन, समता शर्मा, सुधीर यादव, नीतू सिंह, अमृता सिंह, रामजी अवस्थी, राजीव कश्यप, शशिकान्त सिंह, सन्तोष सिंह, गिरीश मिश्रा, शिवमोहन शुक्ला, स्मिता शुक्ला, खुशबू, नीतू चन्द्रा, प्रीती द्विवेदी, विजय पाण्डेय, प्रशान्त, शिवम, भानूमती, आलोक श्रीवास्तव, प्रशान्त मिश्रा सहित कई अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय संविधान' विषय पर गोष्ठी की गई आयोजित



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** अधिवक्ता परिषद अवध हरदोई द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय संविधान' विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। समता पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रगीत से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। लगभग एक घंटे के उद्बोधन में मुख्य वक्ता अश्वनी उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में बताया भारत में ज़ब तक क़ानून का खौफ नहीं होगा, तब तक भारत सुरक्षित नहीं होगा, भारत बचाने की जिम्मेदारी अध्यापक और अधिवक्ता की है इन दोनों के प्रयास से भारत में बड़ा परिवर्तन आ जाएगा, भारत में क़ानून का राज है और क़ानून ही घटिया है इसलिए भारत सुरक्षित नहीं है, देश को सुरक्षित करने के लिए न्याय पालिका को भ्र्ष्टाचार मुक्त होना पड़ेगा, देश में अनुच्छेद 352 का प्रयोग करके इमरजेंसी लगानी चाहिए किन्तु इमरजेंसी का प्रयोग प्रधानमंत्री की कुर्सी बचाने के लिए नहीं राष्ट्र बचाने के लिए होना चाहिए, सरकार से आग्रह है विकास बहुत हुआ अब देश सुरक्षित होना चाहिए, बाहर से सुरक्षा की दीवार बने, और अंदर क़ानून की दीवार मजबूत हो द्य विदेशी फंडिंग से देश में भारी पैमाने पर धर्मा आंतरण हो रहा है, जिससे देश को खतरा है।

विशिष्ट अतिथि पीसी राय ने बताया कि 1992 में उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता परिषद का गठन हुआ, अधिवक्ता परिषद अधिवक्ताओं के लिए राष्ट्रवादी संगठन है। विशिष्ट अतिथि आनंद शुक्ला ने बताया कि अधिवक्ता परिषद की उतपत्ती न्याय दिलाने के लिए की गईं, धर्म सिर्फसनातन है, धर्म का मतलब कर्तव्य पालन है, हम अब अपने धर्म का पालन करते हुए पीड़ित और वँचित को न्याय दिलाने के लिए संकलपित हों द्य भारतीय संविधान का उलंघन हो रहा है, इसमें सुधार की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि अश्वनी त्रिपाठी ने कहा राष्ट्र हितों के संरक्षण के लिए अधिवक्ता परिषद को सांस्कृतिक आतंकवाद से मुक्त कराना होगा। मुख्य अतिथि देश रत्न शुक्ला, पूर्व सम्पादक पानजन्य, अन्य मजहब सनातन और हिंदुत्व को समाप्त करने की मिशनरी में लगे हुए ह, सनातन धर्म को खतरा हिन्दुओं से ही हैए इस खतरे से निपटने के लिए अधिवक्ता परिषद को जुटना होगा, संविधान दिवस मनाने की कल्पना ही इसलिए की गईं कि अधिवक्ता जागरूक हो अधिवक्ता प्रोफेशन के लिए नहीं मिशन के रूप में कार्य करना है।

कार्यक्रम का संचालन राहुल सिंह ने किया अध्यक्षता डॉ० सतेन्द्र सिंह ने की, कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडवोकेट सुनीत बाजपेई, दीपक गुप्ता, कौशलेन्द्र सिंह, उमेश गुप्ता, लक्ष्मी कांत तिवारी, मानवेन्द्र सिंह, कर्मवीर सिंह, गौरव भदौरिया, अशोक सिंह आजाद, राघवेंद्र सिंह, विश्वराज सिंह आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में चाचा भतीजे की मौत, तीसरे की हालत गंभीर


मोहित की फाइल फोटो


अर्जुन की फाइल फोटो

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** हरदोई-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बुधवार की देर शाम सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई व तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया!

मृतक के चचरे भाई राजेश ने बताया है शाम पांच बजे दीपक अपने भतीजे मोहित व चचरे भाई अर्जुन के साथ मेट्रो ढाबा पर खाना खाने के बाद बालामऊ की ओर आ रहे थे तभी हरदोई लखनऊ नेशनल हाईवे निकट इंडियन फैमिली रेस्टोरेंट के पास बाइक अनियंत्रित होने पर डिवाइडर से जा बाइक जा टकराई! जिससे बाइक पर सवार दीपक (26) पुत्र विश्राम, मोहित (23) पुत्र रमेश, अर्जुन (18) पुत्र तुलसी निवासी कछौना कस्बे के मोहल्ला काशीनगर गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों के सूचना पर मौके पर एम्बुलेंस से कछौना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां पर डॉक्टर ने अर्जुन पुत्र तुलसी व मोहित पुत्र रमेश को मृत्यु घोषित कर दिया व दीपक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जानकारी पाकर पहुंचे कछौना पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर कार्रवाई में जुट गई। मृतक मोहित पुत्र रमेश आज शाम को चंडीगढ़ शाम को जम्मू तवी ट्रेन से जाने वाले थे अचानक आकस्मिक घटना घटने से परिजनों का रो-रो कर बुरा मृतक दोनों युवक चंडीगढ़ मैं मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते थे।


रोते बिलखते परिजन व कार्यवाही में जुटी पुलिस फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

## नए श्रम कानूनों के विरोध में बैंककर्मियों का प्रदर्शन

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए श्रम कानूनों के विरोध में देशव्यापी आंदोलन के तहत सोमवार को हरदोई जिला मुख्यालय पर बैंककर्मियों ने प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन के आह्वान पर यूपी बैंक एम्प्लाइज यूनियन की स्थानीय इकाई के नेतृत्व में बैंककर्मियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा के बाहर विरोध दर्ज कराया। कर्मचारी पूरे दिन काला फीता बांधकर कार्य करते रहे और भोजनावकाश के दौरान एकत्र होकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने नए लेबर कोड को **काला कानून** बताते हुए सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। यूनियन के जिला मंत्री राकेश पाण्डेय ने कहा कि श्रम कानूनों में किया गया बदलाव स्वतंत्र भारत में श्रमिक अधिकारों पर सबसे बड़ा हमला है। यह नीति मजदूरों की सुरक्षा और अधिकारों को कमजोर करती है। नेताओं ने बताया कोड से हड़ताल और श्रमिक हितों पर असरवरिष्ठ बैंक कर्मी नेता और यूनियन के जिला मंत्री राकेश पाण्डेय ने प्रदर्शनकारी बैंक कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रम कानूनों में बदलाव स्वतंत्र भारत मे मजदूर अधिकारों पर सबसे संगठित और खतरनाक हमला है। यूनियन के उपाध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला ने कहा कि नए कानूनों का उद्देश्य हड़ताल के अधिकार को सीमित करना और सामूहिक सौदेबाजी को कमजोर बनाना है। उन्होंने कहा कि ये सुधार उद्योगपतियों के हित में हैं, न कि श्रमिकों के। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से राकेश पांडेयए अजय मेहरोत्रा, अनिल कुमार, विपिन गुप्ता, सहित कई बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।



# खतरनाक मंसूबे

नापाक पाक की ओर से सीमावर्ती राज्य पंजाब को अस्थिर करने की साजिश पिछली सदी से लगातार की जा रही है। लेकिन अब नशे का नश्तर सुनियोजित ढंग से इसके सीने पर जिस ढंग से चलाया जा रहा है, वह परेशान करने वाला है। पंजाब के पाक सीमा से लगे जिलों में नशीले पदार्थों की आपूर्ति लगातार जारी है। लेकिन अब इस साजिश में एक विचलित करने वाला अनैतिक मोड़ देखने को मिल रहा है। इसमें पाक स्थित ड्रग माफिया भारतीय सीमा में नाबालिगों को एक नशा आपूर्तिकर्ता के तौर पर भर्ती कर रहे हैं। यह कोई मामूली साजिश नहीं है, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। ये तकनीकी बदलावों, कानून की खामियों और सबसे बढ़कर बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाने का कुत्सित प्रयास ही है। दरअसल, सीमा पार बैठे नशा माफिया कानून के छिद्रों व परिस्थितियों का लाभ उठाने से नहीं चूकते। अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और फाजिल्का के किशोरों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इन किशोरों में कई आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवारों से हैं। जिन्हें चंद रुपयों का प्रलोभन दिया जाता है। उन्हें स्मार्टफोनों का लालच भी दिया जाता है। इसके अलावा जो किशोर नशे की दलदल में धंस चुके हैं उनकी कमजोर नस को पकड़कर उन्हें मुफ्त ड्रग्स का लालच दिया जाता है। किसी भी देश के किशोरों का नशे के संजाल में फंसना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बच्चे भविष्य के भारत के कर्णधार होते हैं। यदि वे अभी से नशे की दलदल और नशीले पदार्थों की आपूर्ति में लग जाएंगे तो देश-समाज का भविष्य कैसा होगा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। जिस काम को किशोर लालच से अंजाम दे रहे हैं, सही मायनों में वह बेहद खतरनाक है। वे ड्रोन से गिराए गए हेरोइन के पैकेट व कुछ मामलों में खतरनाक अवैध हथियार उठाते हैं और उन्हें ड्रग माफिया द्वारा बताए गए एजेंटों तक पहुंचाते हैं। दरअसल, आमतौर पर किशोरों की सामान्य सक्रियता को संदिग्ध नहीं माना जाता। उनका साफ-सुथरा रिकॉर्ड उन्हें कानून प्रवर्तन अधिकारियों की नजर से बचा लेता है। यदि नाबालिगों की गिरफ्तारी होती भी है तो वे भारतीय कानूनों के हिसाब से गंभीर सजा से बच जाते हैं। इस तरह, उनकी कम उम्र ही उन्हें सीमा पार बैठे नशे के तस्करों के लिये उपयोगी बना देती है। इन बच्चों के खिलाफ कार्रवाई करते समय प्रवर्तन एजेंसियों को उदार रवैया अपनाना चाहिए। दरअसल, कुछ बच्चे परिस्थितियों के मारे भी होते हैं। वे मूलतरू अपराधी नहीं होते। कुछ शातिर अपराधी उनका इस्तेमाल करके इस अपराध की दलदल में धकेल देते हैं। सही मायनों में वे सीमा पार से रची गई साजिश और हमारी अपनी व्यवस्था की कमजोरियों के कुचक्र व उससे उपजी आपराधिक व्यवस्था में आसानी से फंस जाते हैं। असल में, भारतीय किशोर न्याय कानून का उद्देश्य नाबालिगों को सुधारना और सुरक्षा करना होता है। लेकिन इस कानून की मूल भावना का लाभ संगठित नेटवर्कों द्वारा अपने मंसूबों को अंजाम देने को उठाया जा रहा है। हम 21वीं सदी में नशे की तस्करी का मुकाबला बीसवीं सदी के उपायों से नहीं कर सकते हैं। कभी-कभार होने वाली गिरफ्तारियां, छिटपुट छापे और उदार चेतावनी अपर्याप्त कही जा सकती हैं। निश्चित रूप से अपराध की घातकता के अनुरूप ही प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। सीमा की निगरानी व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाये जाने की सख्त आवश्यकता है। स्कूलों, पंचायतों, सामुदायिक नेताओं और नागरिक समाज को पहले ही चेतावनी प्रणालियां बनानी चाहिए, ताकि पहचान हो सके कि बच्चों की परवरिश किस ढंग से की जा सके। इस दिशा में अभिभावकों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि वे बच्चों के पथभ्रष्ट होने के खतरे के प्रति सचेत रहें। समुदायों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। साथ ही जोखिम के दायरे में आ सकने वाले युवाओं को बेहतर शिक्षा, कार्य कौशल और वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए ताकि वे किसी प्रलोभन में आकर गलत राह न चुने। निश्चित तौर पर नाबालिगों का यह दुरुपयोग पंजाब के सामाजिक ताने-बाने व भारत की सुरक्षा पर हमला है।

**पंजाब के पाक सीमा से लगे जिलों में नशीले पदार्थों की आपूर्ति लगातार जारी है। लेकिन अब इस साजिश में एक विचलित करने वाला अनैतिक मोड़ देखने को मिल रहा है। इसमें पाक स्थित ड्रग माफिया भारतीय सीमा में नाबालिगों को एक नशा आपूर्तिकर्ता के तौर पर भर्ती कर रहे हैं। यह कोई मामूली साजिश नहीं है, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। ये तकनीकी बदलावों, कानून की खामियों और सबसे बढ़कर बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाने का कुत्सित प्रयास ही है।**

# भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर वैश्विक चुनौतियां और संयुक्त परिवार की अनिवार्यता

प्रहलाद सबनानी

भारत वर्तमान समय में विश्व की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी स्थान प्राप्त कर रहा है। इस प्रगति के साथ-साथ कुछ वैश्विक शक्तियाँ ऐसी भी हैं जिन्हें भारत की यह उन्नति स्वीकार्य नहीं है। परिणामस्वरूप भारतीय समाज, संस्कृति और पारिवारिक संरचना को कमजोर करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के भ्रामक विमर्श निर्मित किए जा रहे हैं। इन विमर्शों के पीछे कई ऐसी शक्तियाँ सक्रिय प्रतीत होती हैं जो भौतिकवाद, उपभोक्तावाद तथा सांस्कृतिक विच्छेदन की प्रवृत्तियों को बढ़ावा देकर भारत के पारंपरिक सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करना चाहती हैं। लेखन में उल्लिखित दृष्टिकोण के अनुसार कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद और वैश्विक बाजार शक्तियाँ, भले ही अन्य देशों में एक-दूसरे के विरोध में हों, भारत के संदर्भ में एक साझा स्वर अपनाए हुए दिखाई देती हैं, जिनका उद्देश्य भारत की सामाजिक स्थिरता और सांस्कृतिक मजबूती को कमजोर करना है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के विरोध में अनेक झूठे विमर्शों का निर्माण और प्रसार तीव्र हुआ है। विज्ञापन, मीडिया, मनोरंजन उद्योग तथा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्मों के माध्यम से इन विचारों को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि वे सामान्य जनमानस को प्रभावित कर सकें। वैश्विक स्तर पर यह धारणा लंबे समय से रही है कि भारत आध्यात्मिकता, संतुलित जीवन-दर्शन तथा आत्मानुशासन का देश है, परन्तु नए विमर्श इन धारणाओं को खंडित करने तथा भारतीय जीवन-शैली को हीन या पिछड़ा सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। भारत की तीव्र आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रभावशीलता कुछ राष्ट्रों और बाजार शक्तियों के लिए चुनौती बनकर उभरी है, जिसके कारण भारतीय समाज में भ्रम, असंतोष और विभाजन उत्पन्न करने का संगठित प्रयास दिखाई देता है। भारतीय दर्शन पुनर्जन्म, कर्म, संयम और समष्टि कल्याण के सिद्धांतों पर आधारित है, जिसके कारण भारतीय जीवन-शैली में अतिभोग को स्थान नहीं दिया गया। इसके विपरीत पश्चिमी विचारधारा उपभोक्तावाद को प्राथमिकता देती है और व्यक्ति को वर्तमान जीवन में अधिकतम उपभोग करने के लिए प्रेरित करती है, क्योंकि इस्लाम और ईसाईयत में पुनर्जन्म की अवधारणा को स्वीकार नहीं किया गया है। इस मानसिकता के चलते वैश्विक बाजार शक्तियाँ भारत में भी उपभोक्तावादी जीवन-दृष्टि को स्थापित करना चाहती हैं। विशेष रूप से त्यौहारों, जैसे दीपावली, होली, रक्षाबंधन के समय यह प्रवृत्ति अधिक स्पष्ट दिखाई देती है। भारतीय व्यंजनों और परम्परागत खाद्य पदार्थों को अस्वास्थ्यकर बताना, चॉकलेट एवं पैकेज्ड मिठाइयों को 'अधिक सुरक्षित' सिद्ध करना, या फिर भारतीय पर्वों को पर्यावरण-विरोधी बताना, ये सभी इसी व्यापक विमर्श-निर्माण का भाग हैं जिनका लक्ष्य भारतीय सांस्कृतिक आत्मविश्वास को कमजोर करना है। इसी प्रकार से भारतीय पारिवारिक संरचना, विशेषकर संयुक्त परिवार प्रणाली, पर भी संगठित आक्रमण देखा जा सकता है। भारत में कुटुंब को केवल सामाजिक इकाई न मानकर एक दार्शनिक संस्था माना गया है, जिसके माध्यम से व्यक्ति संस्कार, नैतिकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामूहिक चेतना का अभ्यस्त बनता है। संयुक्त परिवार भारत की सामाजिक स्थिरता का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ है, जबकि पश्चिमी समाज में यह संस्था लगभग समाप्त हो चुकी है। विकसित देशों में युवक-युवतियाँ वयस्क होते ही अलग रहने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक परिवार के लिए अलग-अलग आवास, वाहन, विद्युत उपकरण और उपभोग की वस्तुओं की आवश्यकता पड़ती है। इस व्यवस्था से निरन्तर बढ़ती माँग के कारण बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। इसी तर्क के आधार पर ये कंपनियाँ भारत में भी परिवार-विच्छेद को प्रोत्साहित करने वाली सामग्री का निर्माण और प्रसार करती हैं। टीवी सीरियलों, वेब-श्रृंखलाओं और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से संयुक्त परिवारों को कलह का केंद्र, परस्पर ईर्ष्या और संघर्ष का स्थान दिखाया जाता है। सास-बहू विवाद, भाई-बहन प्रतिस्पर्धा तथा पारिवारिक विघटन के प्रसंगों को मनोरंजन के नाम पर इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि भारतीय दर्शक संयुक्त परिवार को अव्यवस्थित और अनुपयोगी समझने लगें। इस प्रक्रिया का सीधा संबंध उपभोक्तावादी शक्तियों से जुड़ा है, जो भारत में भी पश्चिमी पैटर्न की पारिवारिक संरचना स्थापित करना चाहती हैं ताकि बाजार विस्तार में वृद्धि हो सके। वास्तविकता यह है कि पश्चिमी देशों का जीवन-दर्शन भौतिकवाद पर आधारित है, जहाँ आर्थिक उन्नति ही जीवन का मुख्य लक्ष्य बन जाती है। चेतना, सामाजिक दायित्व और आध्यात्मिकता को वहाँ गौण स्थान दिया जाता है। इसके विपरीत भारतीय समाज अभी भी समष्टि कल्याण, कर्तव्य-बोध और पारिवारिक एकता जैसे मूल्यों को अपने जीवन का आधार मानता है। इसीलिए भारतीय संस्कृति आज भी वैश्विक मंच पर विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। इन परिस्थितियों में भारतवासियों के सामने चुनौती यह है कि वे वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा फैलाए जा रहे कृत्रिम और भ्रामक विमर्शों के प्रभाव से बचें तथा अपने सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित रखें। इस दिशा में सबसे प्रभावी कदम है, स्वदेशी उत्पादों का उपयोग और विदेशी उत्पादों पर अनावश्यक निर्भरता का परित्याग। भारतीय उद्योग आज लगभग प्रत्येक क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराता है, चाहे वह साबुन, तेल, टूथपेस्ट, सौंदर्य प्रसाधन हों या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, खाद्य सामग्री, वाहन और मोबाइल फ़ोन। यदि भारतीय उपभोक्ता सचेत होकर स्वदेशी वस्तुओं का चयन करता है तो इससे न केवल राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा बल्कि वैश्विक शक्तियों को यह स्पष्ट संदेश भी मिलेगा कि भारत आत्मनिर्भर है और अपनी सांस्कृतिक अस्मिता से समझौता नहीं करेगा। इन सबके बीच सबसे महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारतीय परम्पराएँ मात्र अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन-दर्शन हैं। ये परम्पराएँ हमें हमारी जड़ों, हमारी चेतना और हमारी सामाजिक पहचान से जोड़ती हैं। संयुक्त परिवार भारतीय सभ्यता का आधार-स्तंभ है, जिसने सदियों तक समाज को स्थिरता, सहयोग, सुरक्षा और संस्कार प्रदान किए हैं। यदि भारतीय समाज इन मूल्यों को सुदृढ़ रखता है, तो न केवल उसका सांस्कृतिक ढांचा सुरक्षित रहेगा बल्कि भारत विश्व में अपने विशिष्ट स्वरूप के साथ और अधिक सशक्त होकर उभरेगा। भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संयुक्त परिवार व्यवस्था की रक्षा और स्वदेशी अवधारणा के अनुपालन ये तीनों भारत को आत्मनिर्भर, सांस्कृतिक रूप से दृढ़ और आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, इसलिए आवश्यक है कि भारतीय समाज सांस्कृतिक आत्मविश्वास के साथ अपनी परम्पराओं और पारिवारिक व्यवस्थाओं का पालन करे तथा उन वैश्विक विमर्शों से सतर्क रहे जो हमारी सभ्यता की मूल शक्ति को कमजोर करने के उद्देश्य से बनाए जा रहे हैं।

**पिछले कुछ वर्षों में भारत के विरोध में अनेक झूठे विमर्शों का निर्माण और प्रसार तीव्र हुआ है। विज्ञापन, मीडिया, मनोरंजन उद्योग तथा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्मों के माध्यम से इन विचारों को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि वे सामान्य जनमानस को प्रभावित कर सकें। वैश्विक स्तर पर यह धारणा लंबे समय से रही है कि भारत आध्यात्मिकता, संतुलित जीवन-दर्शन तथा आत्मानुशासन का देश है, परन्तु नए विमर्श इन धारणाओं को खंडित करने तथा भारतीय जीवन-शैली को हीन या पिछड़ा सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। भारत की तीव्र आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रभावशीलता कुछ राष्ट्रों और बाजार शक्तियों के लिए चुनौती बनकर उभरी है, जिसके कारण भारतीय समाज में भ्रम, असंतोष और विभाजन उत्पन्न करने का संगठित प्रयास दिखाई देता है।**

# धर्मध्वजा के नीचे नई राजनीति

मनोज शुक्ला
विशेष संवाददाता



अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा स्थापना मात्र एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और RSS प्रमुख मोहन भागवत ने इस आयोजन के माध्यम से 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए नई राजनीतिक दिशा भी तय कर दी। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले जहां रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा ने माहौल बनाया था, उसी तरह 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले धर्मध्वजा का ध्वजारोहण हिंदुत्व व विकास के संयुक्त नैरेटिव को नया रूप देता दिखा। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि राम मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 की वैचारिक नींव है। उन्होंने सांस्कृतिक डी-कोलोनाइजेशन, मानसिक गुलामी के अंत और जाति से ऊपर उठकर हिंदू समरसता का बड़ा संदेश दिया। मोदी के भाषण की 4 प्रमुख रणनीतियाँ: 1. रामराज्य को विकास मॉडल से जोड़ा 2. 2035 तक मानसिक गुलामी से मुक्ति का लक्ष्य घोषित किया 3. 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराया 4. जाति आधारित राजनीति की काट के लिए हिंदू समरसता का नया नारा पेश किया। अयोध्या : 70 वर्षों की उपेक्षा का तर्क और राजनीतिक संदेश मोदी-भागवत-योगी के भाषणों में राम के आदर्शों की चर्चा के साथ विपक्ष पर अप्रत्यक्ष चोट साफ दिखी। मोदी ने कहा कि 70 सालों तक अयोध्या को उपेक्षित रखा गया, लेकिन पिछले 11 सालों में अयोध्या विश्व की आस्था राजधानी बन गई। प्रधानमंत्री ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब तक 45 करोड़ श्रद्धालु अयोध्या आ चुके हैं। इससे धार्मिक पर्यटन के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी व्यापक परिवर्तन आया है—और यही परिवर्तन राजनीतिक संदेश भी रच रहा है। 2024 की गलती से सीख : जातिगत समीकरण पर नई रणनीति 2024 में यूपी में जातिगत बिखराव का भाजपा को नुकसान झेलना पड़ा। इसीलिए धर्मध्वजा कार्यक्रम में सोनभद्र, मिर्ज़ापुर जैसे जिलों के आदिवासी, पिछड़े और बड़ी संख्या में साधु-संत बुलाए गए। दलित सांसद अवधेश प्रसाद को निमंत्रण न देना विवाद बना, लेकिन बड़ी संख्या में दलित संतों की उपस्थिति भाजपा की रणनीति को स्पष्ट करती है— शबरी, निषादराज, अहिल्या, जटायु और गिलहरी का उल्लेख कर भाजपा दलित-आदिवासी-ओबीसी को रामकथा से जोड़ने की कोशिश कर रही है। संदेश साफ है— जाति से ऊपर हिंदू एकता, यानी 80:20 का नया चुनावी समीकरण। रामराज्य = विकसित भारत : 2047 का विज़न मोदी ने कहा— विकसित भारत तभी बनेगा जब हम अपने भीतर राम को जगा पाएँगे। राम व्यक्ति नहीं, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। इस नरेटिव को भाजपा विकास + संस्कृति के स्थायी ब्रांड में बदलने की कोशिश कर रही है। गुलामी की मानसिकता पर प्रहार : 2035 का लक्ष्य मोदी ने अंग्रेज़ी शासनकालातील मैकाले का उल्लेख करते हुए कहा— 1835 में बोए गए मानसिक गुलामी के बीज के 200 वर्ष 2035 में पूरे होंगे। अगले 10 वर्षों में हमें मानसिक गुलामी से पूरी मुक्ति प्राप्त करनी होगी। नेवी के झंडे में 2022 में किए गए बदलाव को उन्होंने इससे जोड़ा— अब झंडे पर छत्रपति शिवाजी की नौसेना के प्रतीक के साथ अशोक चिन्ह और 'शं नो वरुणः' अंकित है। यह भारत की समुद्री शक्ति और सांस्कृतिक पहचान दोनों का प्रतीक बताया गया। लोकतंत्र की जननी भारत : तमिलनाडु का उथिरामेरुर उदाहरण मोदी ने विपक्ष के 'विदेशी लोकतंत्र' वाले आरोपों को खारिज करते हुए कहा— भारत लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने तमिलनाडु के उथिरामेरुर गांव के हजारों वर्ष पुराने शिलालेख का उल्लेख किया, जिसमें चुनाव प्रक्रिया, उम्मीदवार योग्यता, सदस्यों को वापस बुलाने तक के नियम लिखे हैं। आरएसएस को खुला श्रेय और चुनावों के लिए मोर्चाबंदी मोहन भागवत ने कारसेवकों व राम मंदिर आंदोलन से जुड़े साधु-संतों की याद दिलाते हुए भावुक माहौल बनाया। मोदी-योगी दोनों ने संघ के नेतृत्व को खुले तौर पर स्वीकार कर स्पष्ट संकेत दे दिया कि 2027 और 2029 में टट्टट्ट भाजपा की मुख्य चुनावी ताकत बनेगा। राम मंदिर : विजय नहीं, विरासत का प्रतीक मोदी और भागवत दोनों ने कहा— राममंदिर किसी की हार-जीत का प्रतीक नहीं बल्कि हजारों वर्षों की भारतीय सांस्कृतिक पुनर्स्थापना का चिन्ह है। 500 वर्षों के ल्लजख्म भरनेङ्क के प्रयास के रूप में धर्मध्वजा की स्थापना को उन्होंने ऐतिहासिक बताया। इससे पहले 2022 में पावागढ़ के महाकाली मंदिर में भी धर्मध्वजा फहराई जा चुकी है। अयोध्या का कायाकल्प भाजपा के धार्मिक-राजनीतिक रणनीति का केंद्रीय तत्व बन चुका है। अब अयोध्या विश्व धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान रखती है। पहले जहां अयोध्या शाम को सुनसान मानी जाती थी, अब शहर जगमगाता धार्मिक नगर बन चुका है। यही विकास भाजपा के लिए नया चुनावी मंच तैयार कर रहा है। 80:20 का चुनावी बिगुल—2027 और 2029 पर फोकस सिंह कहते हैं कि धर्मध्वजा कार्यक्रम ने साफ-साफ भाजपा का चुनावी संदेश दे दिया है— 2027 का चुनाव 2017 की तरह होगा, 2024 की तरह नहीं। यानी 80% हिंदू एक ओर, 20% अल्पसंख्यक दूसरी ओर। यह संदेश कि ल्लहिंदुओं को एक धर्मध्वजा के नीचे एकजुट रहना होगाङ्क भाजपा के हिंदुत्व-विकास मॉडल का भविष्य तय करता दिखा। अयोध्या से चुनावी यात्रा की नई शुरुआत विपक्ष अभी भी 2024 व अन्य चुनावों की हार से उभरा नहीं है, जबकि मोदी ने अयोध्या से 2027 और 2029 की कथा पहले ही लिखनी शुरू कर दी है। राम मंदिर अब आस्था ही नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति में विकास, विरासत और हिंदू एकता की संयुक्त रणनीति का केंद्र बिंदु बन गया है। अयोध्या का यह ध्वजारोहण केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की अगली दशक की दिशा तय करने वाला ऐतिहासिक क्षण बन चुका है।

# भारत-कनाडा के रिश्तों में नई गर्माहट बड़े बदलाव का संकेत

ललित गर्ग

भारत और कनाडा के रिश्तों पर पड़ी बर्फ धीरे-धीरे पिघल रही है और दोनों देशों के बीच एक नए विश्वास, सहयोग और साझेदारी का वातावरण आकार ले रहा है। वैश्विक राजनीति के बदलते स्वरूप, व्यापारिक हितों और तकनीकी साझेदारियों की बढ़ती जरूरतों ने दोनों देशों को पुनः संवाद और सहयोग की राह पर लौटने के लिए प्रेरित किया है। जून से शुरू हुआ यह सकारात्मक बदलाव अब व्यापक रूप में दिखाई देने लगा है, जिसका संकेत हाल ही में की गई द्विपक्षीय बैठकों, उच्चस्तरीय संपर्कों और आर्थिक सहयोग की घोषणाओं में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने के लक्ष्य एवं कनाड़ा द्वारा अब नागरिकता के बंद दरवाजे खोलने की घोषणा इस परिवर्तन की गहराई और व्यापकता को रेखांकित करती है। यह लक्ष्य केवल व्यापार बढ़ाने का संकल्प मात्र नहीं है बल्कि यह उस नये दौर की प्रतीकात्मक दस्तक है जिसकी ओर दोनों देश बढ़ रहे हैं और इससे दोनों देशों को फायदा होगा। पिछले कुछ समय में भारत और कनाडा के रिश्तों में जिस तरह तनाव और अविश्वास ने जगह बनाई थी, वह दोनों देशों के लंबे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जन-आधारित संबंधों के विपरीत था। खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा में बढ़ती गतिविधियों, राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों और न्यायिक प्रक्रियाओं ने दोनों देशों के रिश्तों में गहरी खटास पैदा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच दूरी सार्वजनिक रूप से दिखाई देती थी और कूटनीतिक संवाद लगभग ठहर-सा गया था। जस्टिन ट्रूडो ने राजनीतिक दबाव एवं स्वार्थ के चलते भारत से ऐतिहासिक संबंधों को धुंधलाया, जिसका खामियाजा उन्होंने भुगता भी है। लेकिन अब नई सरकार के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने नये जोश, आत्मीयता एवं संवेदनाओं के साथ भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों, व्यापारिक अवसरों के विस्तार और नई आर्थिक-रणनीतिक जरूरतों ने दोनों पक्षों को यह अहसास कराया कि रिश्तों का ठहराव किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं है। इसी समझ ने दोनों देशों को संवाद के नये पुल बनाने और पुराने अवरोधों को पीछे छोड़ने की दिशा में आगे बढ़ाया। नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी की जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकात इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। यह मुलाकात भले ही मुख्य सत्रों के इतर हुई, लेकिन उसका संदेश अत्यंत गहरा और दूरगामी था। यहां दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और टेक्नोलॉजी इनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। भारत और कनाड़ा के पास डिफेंस, स्पेस, क्रिटिकल मिनरल्स, एनर्जी और एजुकेशन समस्त कई क्षेत्रों में सहयोग एवं सहमति बढ़ाने के मौके हैं। यह सहमति केवल औपचारिकता नहीं बल्कि रिश्तों को एक नए मोड़ पर लाने का संकेत थी। कनाडा एक उभरती हुई टेक्नोलॉजी शक्ति है और भारत विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी प्रतिभा का केंद्र बन चुका है। ऐसे में दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, स्टार्टअप्स, ऊर्ज़ा और शिक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं जिनकी दिशा अब खोली जा रही है। वैसे भी भारत के स्टूडेंट्स के लिये अब भी कनाड़ा सबसे पसंदीदा जगहों में एक हैं। कनाडा अपने नागरिकता कानून में भी बदलाव करने जा रहा है, उससे भी भारतीयों को फायदा होने की व्यापक संभावनाएं है। पीयूष गोयल के वक्तव्य में दिखती आर्थिक साझेदारी की दृष्टि इस बात का परिचायक है कि भारत और कनाडा अब केवल राजनीतिक संवाद से आगे बढ़कर व्यावहारिक सहयोग के नए आधार बना रहे हैं। 50 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी है, लेकिन यह उन आर्थिक संभावनाओं का वास्तविक अनुमान भी है जो दोनों देशों की नीतियों, संसाधनों और क्षमताओं में मौजूद है। भारत कनाडा के लिए एक विशाल बाजार है और कनाडा भारत के लिए एक महत्वपूर्ण ऊर्ज़ा, खनिज, कृषि और तकनीकी साझेदार। इसी परस्पर निर्भरता और जरूरत ने दोनों देशों को फिर से एक-दूसरे की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। अब जरूरी है कि विभिन्न स्तरों पर बातचीत जारी रखते हुए जल्द समझौते तक पहुंचा जाये। हाल के वर्षों में दुनिया बहुधूरवीय स्वरूप की ओर बढ़ रही है। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और पश्चिम एशिया जैसे शक्ति केंद्रों के बीच उभर रही नई अनिश्चितताओं ने मध्यम और उभरती शक्तियों को नए साझेदार तलाशने के लिए विवश किया है। भारत और कनाडा इस वैश्विक संरचना में ऐसे दो देश हैं जिनके पास जनसांख्यिकीय शक्ति, आर्थिक संसाधन, शिक्षा-तकनीक की क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों का साझा आधार मौजूद है। ऐसे में इन दोनों का साथ आना न केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए आवश्यक है बल्कि एक नई वैश्विक संरचना के निर्माण में भी उपयोगी हो सकता है। यह संरचना सहयोग, नवाचार, जलवायु न्याय, हरित तकनीकों और स्थायी विकास पर आधारित हो सकती है। कनाडा में भारतीय मूल की बड़ी आबादी दोनों देशों के रिश्तों को मानवीय और सामाजिक आधार भी देती है। जब भी रिश्तों में तनाव आया, प्रवासी भारतीय समुदाय उसके बीच पुल की तरह खड़ा दिखाई दिया है। यही समुदाय आर्थिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक रिश्तों को नई दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। यह समुदाय न केवल कनाडा के आर्थिक विकास का हिस्सा है बल्कि भारत-कनाडा संबंधों की गहरी कड़ी भी है। यही कारण है कि दोनों सरकारों ने इस सामाजिक संबंध को और मजबूत करने का प्रयास शुरू किया है जिससे गलतफहमियाँ कम हों, लोगों के बीच भरोसा बढ़े और राजनीतिक विवादों का असर द्विपक्षीय रिश्तों पर सीमित रहे। वर्तमान दौर में भारत की वैश्विक छवि एक निर्णायक, प्रभावशाली और विश्व-हितैषी शक्ति के रूप में उभर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक शैली, वैश्विक मंचों पर सक्रियता और विकास-शांति आधारित विदेश नीति ने भारत की स्थिति को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। दूसरी ओर कनाडा भी एक स्थिर लोकतंत्र और बहुसांस्कृतिक देश के रूप में वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। दोनों देशों की यह समान सोच और नई वैश्विक चुनौतियों के प्रति साझा दृष्टिकोण अब आपसी सहयोग के लिए अधिक अनुकूल अवसर पैदा कर रहा है। समीक्षा के इस चरण में यह स्पष्ट है कि भारत-कनाडा संबंधों में आया यह सकारात्मक मोड़ केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि गहरे आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक हितों पर आधारित है। मार्क कार्नी सरकार को भी यह समझ आ रही है कि भारत जैसे मजबूत साझेदार से दूरी कनाडा की आर्थिक और वैश्विक भूमिका के लिए सही नहीं। वहीं भारत भी उन देशों के साथ संबंधों का विस्तार चाहता है जो तकनीक, शिक्षा, कृषि, ऊर्ज़ा और नवाचार के क्षेत्रों में मूल्यवान साझेदारी दे सकते हैं। यही वजह है कि दोनों देश अब नयी समझ विकसित करते हुए एक ऐसे दौर की ओर बढ़ रहे हैं जिसमें संवाद, सहयोग और परस्पर सम्मान केंद्रीय भूमिका निभाएंगे। अंततः यह कहा जा सकता है कि भारत और कनाडा के रिश्तों में शुरू हुई यह नई गर्माहट एक बड़े बदलाव का संकेत है। यह बदलाव न केवल आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देगा बल्कि वैश्विक शांति, नई तकनीक, हरित विकास और सामाजिक सौहार्द की दिशा में भी नई संभावनाएँ खोलेगा। दोनों देश यदि इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते रहे तो यह केवल द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती नहीं देगा, बल्कि एक नई विश्व संरचना के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी की जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकात इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। यह मुलाकात भले ही मुख्य सत्रों के इतर हुई, लेकिन उसका संदेश अत्यंत गहरा और दूरगामी था। यहां दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और टेक्नोलॉजी इनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। भारत और कनाड़ा के पास डिफेंस, स्पेस, क्रिटिकल मिनरल्स, एनर्जी और एजुकेशन समस्त कई क्षेत्रों में सहयोग एवं सहमति बढ़ाने के मौके हैं। यह सहमति केवल औपचारिकता नहीं बल्कि रिश्तों को एक नए मोड़ पर लाने का संकेत थी। कनाडा एक उभरती हुई टेक्नोलॉजी शक्ति है और भारत विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी प्रतिभा का केंद्र बन चुका है।**

# खनन माफिया बांदा के साड़ी खादर 77 में कर रहा है अवैध खनन

- कौन बबलू जो की दूसरे जिले से आकर बाँदा जिले में कर रहा है खनन में मैनेज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। जिले का अवैध खनन का काम राकने का नाम नही ले रहा है इसके बावजूद भी दुसरे जिले के आकर अवैध खनन करने के लिए मैनेज किया जा रहा है जिसके चलते जिले में अवैध खनन जोरो से हो रहा है और यही नही नियमों की धज्जियां भी उडायी जा रही है जबकी फतेहपुर में एसटी एफ द्वारा बड़ी कार्यवाही भी की जा चुकी है और उसी जिले के एक आदमी द्वारा बांदा जिले में आकर अवैध खनन के लिए पैर पसारने के लिए अपना दांव जिले में भी खेल रहा है और वहीँ मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में खनन का कार्य लिए हुए एक ग्रुप द्वारा एमपी में खनन और यूपी का राजस्व का नुकसान भी कर रहा है जिसके चलते अब वो यूपी के बांदा जिले के पैलानी तहसील में भी अपना पैर पसार कर खनन का कार्य शुरू किये हुए हैं।

मामला पैलानी तहसील के साड़ी खादर 77 मोरंग खदान है जहां पर अबैध खनन का मिशाल बना अहा है और अवैध परिवहन के लिए ये खदान जानी भी जाती है लेकिन इस खदान के संचालक द्वारा अपनी हनक इतनी तेज किये हुए हैं की कोई भी अधिकारी इस पर ध्यान नही दिए हुए है क्योंकि एमपी का मोरंग माफिया का हाँथ इस मोरंग खदान में भी है जिसके चलते वो दोनों हीम राज्यों में अपनी हनक बनाते हुए अवैध खनन जोरो से कर रहा है और नतीजन यह है की अवैध खनन के चलते जिले से लेकर सूबे तक के अधिकारी इस पर कोई ध्यान नही दे रहे हैं ॰ वही इस खदान को अवैध तरीके से चलाने के लिए दूसरे जनपद से एक व्यक्ति आकर उसको मैनेज करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है और उसका कहना है की एसटी एफ केवल उधर अपना काम कर रही है इस जिल में वो कुछ भी ही कर सकती है।

### मैनेज जबरजस्त की अधिकारी भी नाम लेने से डरते हैं

साड़ी खादर 77 नंबर मोरंग खदान जो की पैलानी तहसील में संचालित है और यहाँ के संचालक की हनक इतनी तेज है की अधिकारी भी मालिक का नाम लेने से डरते हैं जब एक अधिकारी से बात की गयी तो इन्होने कहा की मै नाम नही लूंगा की किसकी खदान है लेकिन यहाँ तो कोई भी काम अवैध नही होता है क्योंकि मैंने रास्ते को लेकर हुए विवाद में जांच करायी थी जो की वो मामला निपट गया था लेकिन मालिक का नाम मै नही लूंगा तो अब ऐसे में तो यही कहा जा सकता है की कितनी हनक मजबूत किये हुए हैं इस खदान का संचाल की साहब भी नाम लेने से कतरा रहे हैं।

### एक बोलेरों में आता है और मिलकर चला जाता है सब मैनेज का है खेल

जिले के पैलानी तहसील इस समय शुर्खियों में हैं क्योंकि यहाँ पर वर्तमान में लगभग एक दर्जन खदान संचालित है और अभी एक दर्जन खदान संचालित होने की संभावना है लेकिन साड़ी खादर के संचालक का एक व्यक्ति अपनी बोलेरो कार में आता है और अपनी अवैध तरीके से मोरंग खदान चाल्ने को लेकर जिले में लोगों को मैनेज करके वापस चला जाता है क्योंकि ये व्यक्ति कोई और नही बलिक उस जिले से जहां पर इस समय पूरे प्रदेश में अवैध तरीक्से काम करने को लेकर फ़ेमस है और जहां पर एसटीएफ ने अपनी बड़ी कार्यवाही की थी ॰ लेकिन इस व्यक्ति को एसटी एफ जैसी एजेंसी का भी डर नही है क्योंकि इसका संरक्षण भी दूसरे प्रदेश के मोरंग माफिया कर रहे हैं। तो अब ऐसे में लग रहा है की कही न कही ये संचालक और मैनेज वाले की हनक अधिकारियों पर भी है जिसकी वजह से अधिकारी नाम लेने से डरते हैं।

### प्रतिदिन मोरंग खदान से होता है सैकड़ों ट्रकों का अवैध परिवहन

जिले के पैलानी तहसील में संचालित साड़ी खादर 77 मोरंग खदान में अवैध खनन के साथ साथ अवैध परिवहन भी जोरो से किया जाता है क्योंकि पहले तो परिवहन को लेकर रास्ते का विवाद चल रहा है था लेकिन वो मामला निपट गया परन्तु अब यहाँ पर अवैध तरीके से मोरंग का परिवहन किया जाता है जिसमे से बत्ता बराबर ट्रकों का परिवहन किया जाता है ॰ वही परिवहन की बात करे तो ट्रकों पर बत्ता बराबर मोरंग भर दिया जाता है और फिर साहब का पता किया जाता है की साहब कही चेकिंग में तो नही लगे हैं और उसी में खेल करने के बाद परिवहन पास किया जाता है।

### क्या कहते हैं राज रंजन कुमार खनिज अधिकारी बांदा

ये खदान सभी 10 पहले ही संचालित हुयी है और मई इनके मालिक का नाम नही ले पाउँगा और वैसे तो यहाँ पर कोई भी अवैध नही हो रहा है अगर फिर भी अवैध खनन और अविध परिवहन किया जा रहा है तो मई जांच करवाता हूँ।

# रामलीला में परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। संकटमोचन मंदिर चल रही रामलीला के पांचवें दिन मंगलवार सुबह-सुबह धनुष भंग लीला का मंचन कलाकारों ने किया। परशुराम-लक्ष्मण संवाद को सुनने के लिए पूरी रात भीड़ जमी रही। जब परशुराम को भगवान राम के अवतार के बारे में ज्ञान हुआ तो उन्होंने अपने संदेह को दूर करने के लिए धनुष उन्हें दिया।पुत्री सीता के विवाह के लिए राजा जनक ने सीता स्वयंवर का आयोजन किया। उपस्थित राजा जब धनुष को उठाना तो दूर हिला तक नहीं सके तो परेशान होकर राजा जनक विलाप करने लगे उन्होंने कहा कि उन्हें आज पता चला कि पृथ्वी वीरों से खाली हो चुकी है। जनक का विलाप सुन दर्शक भाव विभोर हो गए। जनक की बातें सुन लक्ष्मण क्रोधित हो उठे तब भगवान राम ने इशारे से उन्हें रोका और विश्वामित्र से आज्ञा लेकर धनुष का भंजन किया। धनुष टूटते ही सीता ने भगवान राम के लगे में जयमाला डाल दी। धनुष टूटने की आवाज सुनते ही परशुराम स्वयंवर में आ गए और धनुष तोड़ने वाले का नाम पूछने लगे, इस पर वहां सन्नाटा छा गया। वहीं परशुराम और लक्ष्मण के बीच जमकर शब्दों के बाण चले। परशुराम लक्ष्मण संवाद का लुत्फ उठाने के लिए पूरी रात भीड़ जमी रही। आयोजन समिति अध्यक्ष महंत उमाशंकर दास, धर्मेन्द्र त्रिपाठी ज्ञानेंद्र, जयराम सिंह चंदेल, अवधेश शर्मा, शिवकुमार पत्रकार बड़कू भइया , सुरेंद्र मिश्रा, संतोष सिंह,,अशोक कछवाह, पप्पू श्रीवास्तव,छोटा सिंह, बल्लू हलवाई,राधेश्याम मिश्र, विवेक नामदेव, मयंक चौरसिया,सुभम मिश्रा, लल्लू शिवहरे,पवन दीक्षित, सपन शुक्ला, अतुल शर्मा, मृदुल, रंजीत, कमल, लाखन, रज्जन, प्रांशु, राहुल मौजूद रहे।

# एसआईआर की समय सीमा बढ़ायी जाये : राजेश दीक्षित

- एसआईआर को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की पत्रकार वार्ता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। उत्तर प्रदेश कंाग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार जिला कंाग्रेस कमेटी कार्यालय स्टेशन रोड बांदा में जिला एवं शहर कंाग्रेस कमेटी के तत्वाधान में वर्तमान में उत्तर प्रदेश में चल रही एसआईआर प्रणाली को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में प्रेस से रूबरू होते हुए कंाग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है समय सीमा एक माह पर्याप्त नहीं है साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में ऐसे अनेक गांव है जहां के मतदाता जागरूक नहीं है और प्रशासन की ओर से लगाए गए बीएसलओ वहां पहुंच नहीं पा रहे हैं जबकि शासन प्रशासन इस बात के दावे कर रहा है कि 99 प्रतिशत मतगणना प्रपत्र घर-घर जाकर बीएलओ के द्वारा दिए जा चुके हैं जबकि सत्यता यह है की एसआईआर फार्म ही उपलब्ध नहीं करा पाए उन्होंने मांग की कि मतगणना प्रपत्र भरवा जाने की समय सीमा कम से कम तीन माह होनी चाहिए साथ ही उन्होंने कंाग्रेस जनों से आवाहन किया कि आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में पूरे देश से कंाग्रेस जन भारी शंख्या पहुंचेंगे राहुल गांधी के नेतृत्व में बहुत बड़ा प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है जनपद से कंाग्रेस जन अधिक से अधिक संख्या में इस प्रदर्शन में शामिल हो कंाग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने प्रेस वार्ता में अपनी बातें रखी की शहर के अंदर 31 वार्ड है मैं घर घर जाकर प्रत्येक वाडी में प्रतिदिन अपने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर जायजा ले रही हूं साथ ही सभी बीएलओ से संपर्क कर उनसे आग्रह भी किया जा रहा है की फॉर्म समय के अंदर मतदाताओं के पास पहुंचा जाए जबकि अधिकांश वाडी में ठस्ऽ नहीं पहुंच पाए हैं अधिकांश बीएलओ को फॉर्म भरने का प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया इस कारण उनका अशुद्ध हो रही है।

उन्होंने मांग की जिन वार्डों में महिला ठस्ऽलगाई गई है उनके पास इस काम के अलावा भी अनेक घरेलू काम रहते हैं साथ ही कार्य की अधिकता के कारण महिला बीमार हो रही है अतः वार्डों में प्रत्येक बूथ में जहां पर महिला है वहां पर एक के स्थान पर दो महिला ठस्ऽ लगाई जाए। साथ ही इस अवसर पर चबब मुमताज अली ,जिला महिला कंाग्रेस अध्यक्ष सीमा खान, जिला महामंत्री/ मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया।

### कूटरचित दस्तावेज़ों से ज़मीन का फर्जी बैनामा कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

उन्नाव। कूटरचित दस्तावेज़ तैयार कर जमीन का फर्जी बैनामा कराने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को कोतवाली सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत की गई। वादी कुंवर रामेन्द्र सिंह चौहान द्वारा 08 मई 2025 को दी गई तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सदर में मुकदमा संख्या 0351/25 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। वादी ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने कूटरचित दस्तावेज़ों के माध्यम से जमीन का फर्जी बैनामा कराया। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक चन्द्रकान्त मिश्र की टीम ने मुकदमे में वांछित अभियुक्त सालिक राम उर्फ मुचनू को कचहरी पुल के पास से दबोच लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया।

# औरास का रामपुर गढ़ौवा बना लगातार पांचवीं बार ओवरऑल ब्लॉक चैंपियन

- एसडीएम हसनगंज व बीईओ औरास ने रामपुर गढ़ौवा को दी ढेरों शुभकामनाएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। औरास के मैनीभावा खेड़ा स्टेडियम में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में रामपुर गढ़ौवा विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार पांचवीं बार ओवरऑल ब्लॉक चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। बीईओ की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता में एसडीएम हसनगंज ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और रामपुर को ओवरऑल चैंपियन की ट्रॉफी के साथ स्वर्ण एवं रजत पदकों का वितरण किया। लगातार पाँचवीं बार ब्लॉक चैंपियन बनने पर विद्यालय परिवार प्रदीप कुमार वर्मा, शशि देवी, रमनजीत कौर, इंद्रपाल में अपार हर्ष देखा गया। टीम कोच प्रदीप वर्मा ने कहा कि ल्यह उपलब्धि बच्चों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है। बालिका वर्ग में खुशी ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए कुल छह स्वर्ण पदक अपने नाम किए लंबी कूद, ऊँची कूद, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 600 मीटर स्पर्धाओं में उसने स्वर्ण जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। उपासना ने 200 मीटर और 400 मीटर में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। मानसी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शॉटपुट और डिस्कस में दो स्वर्ण, तथा लंबी कूद में रजत पदक जीता।

बालक वर्ग में शुभम ने शॉटपुट और डिस्कस में स्वर्ण, जबकि 600 मीटर दौड़ में रजत जीतकर अपना दमखम दिखाया। समीर ने एक स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय की बढ़त को और मजबूत किया। टीम इवेंट्स में बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में बछौली विजेता रहा, जबकि रामपुर गढ़ौवा उपविजेता बना। बालिका वर्ग में खो-खो एवं कबड्डी में बड़ादेव विजेता और रामपुर गढ़ौवा उपविजेता रहा। निर्णायक मंडल में ब्लॉक खेल शिक्षक रईसुल इस्लाम गौहर के साथ हैदर अब्बास, अनूप मौर्य, कुलदीप, संतोष आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सरकार बनाने के लिए वोट बचाना होगा : सुनील सिंह साजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पुरवा,उन्नाव। एस आई आर को लेकर इस समय पूरे देश में अभियान चल रहा है। खास दिक्कत ग्रामीण क्षेत्र के उन लोगों को आ रही है जो ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं है। समाजवादी पार्टी ने वोट बचाओ अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को जिम्मेदारी दी है की कोई भी वोट फार्म न भर पाने की वजह से काटने ना पाए। इसी को लेकर सपा प्रवक्ता सुनील सिंह साजन ने अपने पैतृक गांव बचुवा खेड़ा में जागरूकता अभियान के तहत लोगों को वोट बढ़ाने की प्रति जागरूक किया और सैकड़ो फॉर्म भरवा कर जमा कराया। हिलौली विकासखंड के अंतर्गत बचुवा खेड़ा में बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सिंह साजन ने बूथ संख्या 404 के बी एल ओ राणा प्रताप सिंह के साथ बैठकर लोगों को जो समस्याएं आ रही थी उनको समझा और निराकरण कराया। सुनील सिंह साजन ने कहा गांव की जो गरीब और अनपढ़ जनता है उसको फॉर्म भरने में तमाम तरीके की समस्याएं आ रही हैं, उसी को लेकर हम पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लोगो की मदद कर रहे है। उन्होंने लोगों से अपील की कोई भी फॉर्म भरने से वंचित न रह जाए फार्म भरकर अपना वोट पक्का करें। हमारा वोट हमारा भविष्य तय करेगा अगर सरकार बनाना है तो वोट बचाना है।समाजवादी पार्टी कि वोट बचाओ जागरूकता अभियान में सपा के पूर्व छात्र सभा जिला अध्यक्ष आदिल खान, पूर्व जिला सचिव इंद्रजीत यादव,अनिरुद्ध शुक्ला सहित कई लोग शामिल रहे।

# परमाणु ऊर्ज़ा अधिनियम के उल्लंघन पर फैक्ट्री सील

- मुंबई से आई विशेषज्ञ टीम के साथ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। परमाणु ऊर्ज़ा अधिनियम, 1962 की धारा 16 और 17 तथा परमाणु ऊर्ज़ा विकिरण संरक्षण नियम, 2004 के गंभीर उल्लंघन के चलते उन्नाव जिले में स्थित एक फैक्ट्री को जिला प्रशासन ने सील कर दिया। बिना अनुमति रेडियोधर्मी पदार्थों के उपयोग, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और कर्मचारियों के स्वास्थ्य संरक्षण नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर यह बड़ी कार्रवाई की गई है।

गामा विकिरण प्रसंस्करण सुविधा पर कार्रवाई

दही थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र में बनी मैसर्स इंपार्टिकल एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड की गामा विकिरण प्रसंस्करण सुविधा पर बुधवार को प्रशासन ने अचानक छापेमारी की। इस कार्रवाई में मुंबई से आई विशेषज्ञ टीम, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, दही थाना पुलिस और संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान टीम को कई गंभीर खामियां मिलीं। सूत्रों के मुताबिक, फैक्ट्री रेडियोधर्मी पदार्थों के उपयोग से जुड़े केंद्रीय नियमों का पालन नहीं कर रही थी और न ही सुरक्षा मानकों का समुचित पालन किया जा रहा था।

**इन धाराओं के उल्लंघन पर हुई सीलिंग-** धारा 16 के तहत सरकार की लिखित अनुमति के बिना रेडियोधर्मी पदार्थों का निर्माण, कब्जा, उपयोग, बिक्री या आयात-निर्यात पूरी तरह प्रतिबंधित है।

धारा 17 में रेडियोधर्मी पदार्थों के सुरक्षित उपयोग, कचरे के उचित निपटान और कर्मचारियों के स्वास्थ्य संरक्षण से जुड़े निर्देश स्पष्ट रूप से बताए गए हैं। इन नियमों और परमाणु ऊर्ज़ा विकिरण संरक्षण नियम, 2004 का उल्लंघन पाए जाने के बाद प्रशासन ने इसे गंभीर खतरा मानते हुए तत्काल फैक्ट्री को सील कर दिया।

### परिसर में सुरक्षा मानकों की अनदेखी

टीम को जांच के दौरान गामा विकिरण से जुड़े उपकरणों और प्रक्रियाओं में सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन न किए जाने के प्रमाण मिले। कर्मचारी स्वास्थ्य परीक्षण, रेडियोधर्मी कचरे के निपटान और सुरक्षा उपायों में भारी लापरवाही पाई गई, जो आसपास के लोगों और पर्यावरण के लिए खतरा बन सकती थी।

### विशेषज्ञ टीम ने लिए नमूने, रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई

मुंबई से आई विशेषज्ञ टीम ने पूरे परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया, नमूने एकत्र किए और सुरक्षा उल्लंघन की पुष्टि के बाद सीलिंग की कार्रवाई पूरी की। अब नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी।

### जरा–सी लापरवाही भी नहीं होगी बर्दाश्त : प्रशासन

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रेडियोधर्मी पदार्थों से जुड़े किसी भी संस्थान में जरा-सी लापरवाही भी स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशासन ने कहा कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए ऐसे मामलों में त्वरित और कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

फिलहाल फैक्ट्री आगामी आदेश तक पूरी तरह बंद रहेगी और जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 17.12.2025 को 15:00 बजे तक है आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 12192025 दिनांक 24.11.2025 | | |
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर चतुर्थ लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में SLN-ZBD खंड के ब्रिज संख्या 118 UP तथा AYC-SLN खंड के ब्रिज संख्या 80 पर 473 संख्या स्टील चैनल स्लीपरों को H-बीम स्टील स्लीपरों से बदलने तथा LKO-SLN-ZBD खंड में स्टील चैनल स्लीपरों के लिए आवश्यक कमी वाले फिटिंग्स के प्रतिस्थापन का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,87,19,456.48 | धरोहर राशि | ₹2,43,600/- |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृति पत्र की तिथि से 12 माह | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 03.12.2025 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 17.12.2025 को 15:00 बजे | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 3657/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अपर सचिव ने कंपोजिट विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। अपर सचिव नीति आयोग भारत सरकार रोहित कुमार ने आज जनपद के विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उनके साथ जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अपर सचिव ने कंपोजिट विद्यालय बजहा खुरमपुर में पठन-पाठन व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। स्मार्ट क्लास के संचालन को उत्कृष्ट पाते हुए उन्होंने विद्यालय को सराहा। उन्होंने बच्चों से संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता परखी और अध्यापकों को विशेष रूप से गणित एवं अंग्रेजी विषयों पर ध्यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर सचिव ने आंगनवाड़ी केन्द्र बजहा खुरमपुर में पोषण सेवाओं, बच्चों की शिक्षा तथा गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों को अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। आंगनवाड़ी केन्द्र सैदनपुर में प्री-स्कूल गतिविधियों, पोषण ट्रैकर एवं गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया और यहां भी गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया। अपर सचिव द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दीवर कोतारी में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, जांच सेवाओं, एनसीडी स्क्रीनिंग तथा टेली कंसलटेंसी की स्थिति की भी समीक्षा किया गया। उन्होंने वीएचएसएनडी सेशन में टीकाकरण की प्रगति पर जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि ड्यूलिस्ट के अनुसार सभी लाभार्थियों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों को सेवा गुणवत्ता में और सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

# लकी ड्रा में 50 लोगों को मिले उपहार



उन्नाव। शहर के कचौड़ी गली स्थित पन्ना ज्वैलर्स बद्रीनाथ एंड संस में जिला अध्यक्ष आशीष वर्मा द्वारा एक नई पहल की शुरुआत की गई। उन्नाव जनपद में पहली बार आयोजित किए गए इस लकी ड्रा कार्यक्रम में 50 लोगों को उपहार वितरण किया गया। इनमें एक मुख्य लकी ड्रा और 49 सामान्य उपहार शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य लकी ड्रा का कूपन बिटिया दिविषा वर्मा द्वारा निकाला गया, जिसमें संजय त्रिपाठी का नाम चयनित हुआ। उन्हें स्कूटी का पुरस्कार दिया गया। इस पहल को उन्नाव के सभी ज्वेलर्स के लिए एक सकारात्मक शुरुआत माना जा रहा है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा, अपर्णा वर्मा, गोल्डी वर्मा, राम वर्मा, साक्षी वर्मा, कृष्ण वर्मा, वैष्णवी वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | CATERING2121 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at Various Stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.11.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 06.12.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 06.12.2025 at 13:00 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LALGANJ | Catg-LKO-LLJ-GMU-197-25-1 | LLJ/PF-1/36/ADDL | 06.12.2025 at 12:30 hrs. | GMU | |
| 2 | UGRASENPUR | Catg-LKO-URPR-GMU-80-24-2 | URPR/PF-1/100/ADDL | 06.12.2025 at 12:40 hrs. | GMU | WOMEN |
| 1 | KUNDA HARNAMGANJ | Catg-LKO-KHNM-GMU-74-24-1 | KHNM/PF-1/31/ADDL | 06.12.2025 at 12:50 hrs. | GMU | |
| 1 | JAUNPUR | Catg-LKO-JNU-SMU-198-25-1 | JNU/PF-1/115/ADDL | 06.12.2025 at 13:00 hrs. | SMU | ST |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3665/2025



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी॰एस॰, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ॰रे॰–मण्डल–वाणिज्य/उ॰रे॰ |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BSB-TW-176-25-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BOY-MX-167-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-PYGS-MX-169-25-2 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BOY-MX-168-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3660/2025

# रेलिंग तोड़ सायफन में गिरी कार, 5 लोगों की मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। दर्दनाक हादसा हुआ है. एक कार बेकाबू होकर सायफन में गिर गई. हादसे में कार में सवार पांच लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि चालक घायल हुआ है. घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि सभी लोग लखीमपुर शादी समारोह में सम्मिलित होने के बाद देर रात वापस चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज बहराइच जिला बहराइच लौट रहे थे घटना की सूचना पाकर चहलवा प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद मौके पर पहुंचे और मृजको के परिजनों को संवेदना व्यक्त की है. पढुआ थाना क्षेत्र के गिरजापुरी बैराज से पहले स्थित शारदा सायफन के पास देर रात दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया. शादी समारोह से वापस लौट रही एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर शारदा





सायफन में जा गिरी, जिससे कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक को गंभीर हालत में बचा लिया गया पढुआ थाना प्रभारी अभिषेक सिंह के मुताबिक, कार में सवार जितेंद्र पुत्र विपिन बिहारी निवासी घाघरा बैराज, घनश्याम पुत्र बल्लू निवासी घाघरा बैराज, लालजी पुत्र मेवा लाल निवासी सीशियन पुरवा, अजीमुल्ला पुत्र अज्ञात निवासी गिरजापुरी, सुरेंद्र पुत्र विशुसोखा निवासी रामवृक्ष पुरवा थाना सुजौली जनपद बहराइच, लखीमपुर से शादी निपटाकर कार से बहराइच जनपद की तरफ वापस जा रहे थे. रास्ते में शारदा सायफन के पास वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया और सीधे रेलिंग तोड़ सायफन में जा गिरा सूचना मिलते ही पढुआ प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान चलाया. कार चालक बबलू पुत्र राजेश निवासी गिरजापुरी थाना सुजौली जनपद बहराइच को पुलिस ने बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए भेजा, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. जबकि कार में सवार अन्य पांच लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई. पुलिस ने शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा मृतकों की पहचानजितेंद्र विपिन बिहारी घाघरा बैराज, थाना सुजौली, जनपद बहराइच घनश्याम बल्लू घाघरा बैराज, थाना सुजौली, जनपद बहराइच लालजी मेवा लाल सीशियन पुरवा, थाना सुजौली, जनपद बहराइच अजीमुल्ला अज्ञात गिरिजापुरी, थाना सुजौली, जनपद बहराइच सुरेंद्र विशुसोखा रामवृक्ष पूरवा, थाना सुजौली, जनपद बहराइच पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. इस दर्दनाक हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है. प्रारंभिक तौर पर कार के अनियंत्रित होने को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है, लेकिन इसके पीछे की वजहों की पड़ताल की जा रही है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित स्थानीय प्रशासन ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया है और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है. बताया जा रहा है कि मृतक लोगों में लगभग चार लोग सिंचाई विभाग में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे, जबकि एक युवक बैराज के पास ही छोटी दुकान का संचालन करता था. घटना की सूचना पाकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद मौके पर पहुंचे और मृतक लोगों के परिजनों से संवेदना व्यक्त की है और उनके मुताबिक सभी मृतकों के परिवार की आर्थिक स्थिति सही नहीं है और अब उन पर इस घटना से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है.।

# नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के परिजन ने पेश की मानवता की मिसाल

- ठगी का शिकार हुए मजदूरों की हर संभव मदद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





मैलानी खीरी। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति माहेश्वरी के देवर उत्सव गुप्ता ने मानवीय संवेदना का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार हरियाणा में मजदूरी कर अपने घर लौट रहे अनिल कुमार पुत्र शोभरांश निवासी सिंगाही, तहसील निघासन समेत कुछ अन्य मजदूर मैलानी पहुंचे, जहां उनके पास खाने-पीने व किराए के पैसे समाप्त हो चुके थे। ठेकेदार द्वारा ठगी का शिकार होने के कारण सभी बेहद परेशान और लाचार थे। ऐसी विकट परिस्थिति में युवाजन व्यक्तित्व के धनी उत्सव गुप्ता ने आगे आकर सभी मजदूरों को अपने आवास पर भोजन की व्यवस्था कराकर उनकी भूख मिटाई। इतना ही नहीं, उन्होंने मजदूरों के घर तक पहुँचने के लिए आवश्यक किराया भी उपलब्ध कराया तथा स्वयं उन्हें बस में बैठाकर सुरक्षित रवाना किया। मानव सेवा और करुणा से परिपूर्ण उनके इस कार्य की क्षेत्र में लोग सराहना कर रहे हैं। समाजसेवा के इस प्रशंसनीय कदम ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि जरूरतमंदों की सहायता ही सच्ची मानवता है।

# द लर्निंग वेल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। द लर्निंग वेल पब्लिक स्कूल में आज विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी वैज्ञानिक क्षमता और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक संजय गुप्ता ने बताया कि इस प्रदर्शनी में चार ग्रुप बनाए गए थे—दो जूनियर और दो सीनियर। प्रत्येक ग्रुप में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया, साथ ही प्रत्येक ग्रुप में तीन-तीन सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण मित्र समूह से राम मोहन गुप्ता, भारत विकास परिषद से प्रबोध शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल, और विद्यालय परिवार से एमडी शिल्पी गुप्ता तथा प्रबंधक संजय गुप्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा सभी शिक्षकगण और अभिभावकगण भी समारोह में शामिल होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। जूनियर ग्रुप (कक्षा 1ऽ4) पुरस्कार विजेताः प्रथमः अवंतिका बाजपई व अभी वर्मा, द्वितीयः आरव गुप्ता व विद्या कश्यप, तृतीयः सर्वज्ञ कुमार व वंश निषाद सांत्वना पुरस्कारः रिषभ शुक्ला, पारी शाह, जीत वर्मा, अंकित शर्मा, कृष्णा सिंह, जयंत मिश्रा सीनियर ग्रुप (कक्षा 5ऽ8) पुरस्कार विजेताः, प्रथमः अनुष्का बाजपई व पूर्वी अवस्थी, द्वितीयः साक्षी शुक्ला व शिवानी गुप्ता, तृतीयः असीमित मिश्रा व दिव्या मिश्रा,सांत्वना पुरस्कारः श्रद्धा शुक्ला, मानवी अवस्थी, अनुष्का सिंह, आयुष गुप्ता, अंजली राजवंशी, यशी बाजपई, इस अवसर पर विद्यालय ने जनपद के पत्रकार अनिल कुमार श्रीवास्तव और सर्वेश शुक्ला को भी सम्मानित किया। प्रबंधक संजय गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

## भाजपा नेता की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत, परिवार में शोक

अज़ान खीरी। थाना हैदराबाद की अज़ान पुलिस चौंकी क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जिसमें भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिद्वारी लाल वर्मा की मौत हो गई। वे अपनी टीवीएस स्पोर्ट बाइक पर सवार होकर अजान बैंक जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी हरिद्वारी लाल वर्मा 75 वर्षीय पुत्र हेमराज वर्मा बुधवार की दोपहर को अपनी टीवीएस स्पोर्ट बाइक पर सवार होकर अजान बैंक के लिए अपने घर से निकले थे। करीब 12:45 पर जैसे ही उनकी बाइक छिछोना मार्ग पर पुलिस चौकी से 500 मीटर दूरी पर पहुंची, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हरिद्वारी लाल उछलकर रोड पर जा गिरे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। किसी राहगीर ने अजान चौंकी पुलिस को सूचना दी।

# उप्र गौसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने संविधान पालन की शपथ दिलाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका सभागार में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि उ0 प्र0 गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ,विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोला दिनेन्द्र जी,समाजसेवी आलोक सिन्हा एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने डा0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि उ0प्र0 गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि हमारा संविधान विभिन्न धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों वाले करोड़ों लोगों को 'एकता' के धागे में पिरोता है। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोला दिनेन्द्र ने कहा कि संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में संवैधानिक मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिए हैं जो सभी के लिए समान है।अधिकारों के साथ कर्तव्य भी है जिनका पालन करना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अतिथियों ने श्रीधर्मादा समिति गौशाला में गौ माता को गुड़ खिलाकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सभासद धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी,जे ई अनिल कुमार यादव ,आदर्श मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार ,लवकुश शास्त्री, युवा मोर्चा नगर महामंत्री हिमांशु सिंह तोमर ,अवधेश वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर कांग्रेस की गोष्ठी आयोजित

लखीमपुर खीरी। संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी की ओर से नगर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार संविधान के महत्व और मूल्यों पर चर्चा हेतु जिला मुख्यालयों एवं नगरों में चल रही संगोष्ठियों की श्रृंखला का हिस्सा रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही लखीमपुर खीरी से संविधान सभा के सदस्य रहे अवधी सम्राट कवि वंशीधर शुक्ल को याद करते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा - संविधान हमारे लोकतंत्र की रीढ़ है। इसे सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। मूल अधिकारों पर बढ़ते हमलों के प्रति समाज को जागरूक होना होगा। संविधान पर निरंतर आघात हो रहे - जिला अध्यक्ष इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा, आज देश की स्थिति किसी से छुपी नहीं है।

# केएस इंटर कॉलेज में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में बुधवार को संविधान दिवस बड़े ही हर्षोल्लाह से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा (पूर्व संसद सदस्य) द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही कॉलेज प्रधानाचार्य लेफ़्टिनेंट ए. पी. सरोज द्वारा बच्चों को संनविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने बताया कि हमारा संविधान लोकतंत्र की आत्मा है, जो हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है। आज के दिन हम सभी यह संकल्प लें कि राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए अपने नागरिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे। कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक आशीष कुमार पांडे ने संविधान की प्रस्तावना को सरल शब्दों में, विस्तार से बच्चों को समझाया, इसी क्रम में



सहायक अध्यापक महमूद अंसारी ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकार भारतीय नागरिकों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। 26 नवंबर के रूप में संविधान दिवस देश के लिए बेहद गर्व का दिन है। कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। यह संविधान ही है जो अलग-अलग धर्मों व जातियों के रूप में भारत की 140 करोड़ की आबादी को एक राष्ट्र एक देश के रूप में जोड़ता है।

# संविधान दिवस पर युवराज दत्त महाविद्यालय में हुआ विशेष कार्यक्रम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर-खीरी में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल के दिशा-निर्देशन में किया गया, जिसमें दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चन्द्रा ने छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया और उन्हें संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. सुभाष चन्द्रा ने छात्र-छात्राओं को बताया कि भारतीय संविधान भारत के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन का प्रतिनिधित्व करने वाला जीवन्त दस्तावेज है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे संविधान की मूल भावना को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ें और नागरिक दायित्व बोध के साथ राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें।





इस अवसर पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का भी आयोजन किया गया, जिसका विषय भारतीय संविधान की मूल भावना, उसके आदर्शों और 75 वर्षों की संवैधानिक यात्रा पर केनद्रित था। वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. विजय कुमार वर्मा, राजनीति विज्ञान विभाग, दयाल सिंह कालेज, नई दिल्ली और प्रो. सरोज कुमार वर्मा, पूर्व संकाय अध्यक्ष समाज विज्ञान संकाय, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा ने सारगर्भित व्याख्यान दिया। वेबिनार में युवराज दत्त महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल, निदेशक सीएसएसपी कानपुर प्रो. ए.के. वर्मा, प्रो. जितेन्द्र नरायन, एल.एन. मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह श्रीवास्तव, एकेडमिक निदेशक, सीएसएसपी, कानपुर और राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार ने भी अपने विचार रखे।

# कस्बा इचौली में भव्य समारोह पूर्वक शिवालय की प्राण प्रतिष्ठा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कस्बा इचौली, टिकैट नगर, तहसील सिरौली, जनपद बाराबंकी में 'श्री राम-जानकी- लक्ष्मण मन्दिर' परिसर में भव्य समारोह पूर्वक शिवालय की स्थापना का कार्यक्रम दिनांक 21 नवम्बर 2025 से शुरू होकर 25 नवंबर 2025 को प्राण प्रतिष्ठा एवं कलश स्थापना के साथ शास्त्रोक्त विधि विधान के अनुसार क्रमबद्ध तरीके से पूरी पूजा विधि के साथ संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम गोंडा निवासी आचार्य पंडित परमानंद मिश्रा के निर्देशानुसार उनके साथी चार अन्य ब्राह्मण आचार्यों के द्वारा संपन्न कराया गया। इस मन्दिर का जीर्णोद्धार उदय शंकर श्रीवास्तव द्वारा कराया गया जो राजाजीपुरम लखनऊ निवासी हैं। उनके द्वारा अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित मंदिर का पूर्व में श्री राम जानकी लक्ष्मण मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था, इसी क्रम में उनके द्वारा अब







शिवालय का जीर्णोद्धार करते हुए भगवान शिव के साथ-साथ नन्दी, माता पार्वती, गणेश जी व कार्तिकेय जी की मूर्तियों की स्थापना कराई गई है। मन्दिर परिसर के मुख्य निर्माणकर्ता पवन कुमार व शरद कुमार द्वारा अपने शिल्पकर्म की प्रतिभा की उत्कृष्टता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ 21 नवम्बर को कलश यात्रा व जलाधिवास से प्रारम्भ हुआ, 22 नवम्बर को दुग्धाधिवास व अन्नाधिवास, 23 नवम्बर को वस्त्राधिवास व द्रव्याधिवास, 24 नवम्बर को महास्नान, नगर भ्रमण तथा भगवान शिव व माँ पार्वती का विवाह व सैयाधिवास कराया गया। इसके बाद दिनांक 25 नवम्बर को प्राण प्रतिष्ठा, स्थापना, कलश स्थापना व हवन फिर श्रृंगार आरती भोग व प्रसाद के साथ भंडारे के कार्यक्रम के साथ समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य जजमान उदय शंकर श्रीवास्तव व रंजना श्रीवास्तव के साथ निर्भय नारायण गुप्ता व मधु गुप्ता तथा रवि शंकर श्रीवास्तव रहे। विशिष्ट उपस्थिति उदयपुर से संदीप भटनागर सपत्नीक, लखनऊ से दाऊदयाल अग्रवाल, महेश अग्रवाल, पीयूष श्रीवास्तव, शिवानी कुलश्रेष्ठ, डॉ वीरेन्द्र श्रीवास्तव, शोभित श्रीवास्तव,उदय प्रकाश पाण्डेय, आकांक्षा पाण्डेय, गोविन्द सिंह, अरविन्द सिंह, शेष श्रीवास्तव, रेनू श्रीवास्तव, आशा श्रीवास्तव, अर्श्विनी श्रीवास्तव,व गौरव श्रीवास्तव। कस्बा इचौली के नर नारियों द्वारा इस कार्यक्रम में बड़ी श्रद्धा के साथ बढ़ चढ़ कर सहभागिता की गई व मन्दिर परिसर हर-हर-हर महादेव व जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा।

## पूर्वांचल में सम्पन्न हुआ तीन दिवसीय 'एक शाम शहीदों के नाम

लखीमपुर खीरी। पूर्वांचल- चिल्ड्रेन लाइफ़ केयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी तथा वी जर्मन होम्योपैथी रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 23 से 25 नवंबर तक सीमावर्ती जिलों में तीन दिवसीय विशाल जनजागरूकता कार्यक्रम ल्लएक शाम शहीदों के नामङ्क का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या पर रोक को जन आंदोलन बनाना, बाल अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण में समाज की भागीदारी बढ़ाना रहा। सिद्धार्थनगर, बस्ती, बलरामपुर, डुमरियागंज और नेपाल सीमा से जुड़े कस्बों में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। युवाओं, महिलाओं, छात्र-छात्राओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अभियान का समर्थन किया। बाल अधिकार राष्ट्र का भविष्य - डॉ. वीर बहादुर धुरिया कार्यक्रम का नेतृत्व

# संक्षिप्त समाचार

## 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, उठाएं लाभ, विभिन्न वादों के होगा निस्तारण

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिले में 13 दिसंबर (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत जनपद न्यायालय लखीमपुर-खीरी के साथ सभी तहसीलों में एक साथ आयोजित होगी। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमार सिंह के निर्देशानुसार तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं अपर जिला जज/नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जिला जज/सचिव वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि इस लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। अपर जिला जज,सचिव वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य तेज, सरल और कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए वादकारियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। समस्त वादकारियों से अनुरोध किया कि 13 दिसंबर 2025 को अपने-अपने वादों का निस्तारण कराकर इस जनहितकारी पहल को सफल बनाने में सहयोग करें। किन वादों का होगा निस्तारण- लोक अदालत में यातायात और लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका से जुड़े विवाद,बैंक वाद (धारा 138 परकाम्य लिखित अधिनियम), विद्युत एवं जल विवाद, विशेषकर चोरी संबंधी मामले, राजस्व वाद, पारिवारिक एवं व्यवहारिक मामले, उत्तराधिकार व अन्य समझौतापरक वाद मामलों को प्राथमिकता के साथ सुना जाएगा।

## मवेशी चोरों का आतंक, हैदराबाद पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

अज़ान खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र में मवेशी चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीते मंगलवार की रात चोरों ने तीन अलग-अलग गांवों बांसगांव, देवरिया और घरथनिया से पशुबाड़े में बंधी तीन दुधारू भैंसें चोरी कर लीं। पशुपालकों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि हैदराबाद पुलिस रात्रिगश्त के नाम पर क्षेत्र में नहीं दिखती, जिससे चोर बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस मामले को दबाने में जुटी हुई है, जिससे पशुपालकों में आक्रोश है। पशुपालक नरेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी दूधारू भैंस चोरी हो गई, जिससे उनके परिवार का खर्च चलता था। एक लाख रुपये से ज्यादा पैसों की भैंस थी, जिसे चोर ले गए हैं। इसी तरह देवरिया गांव के रामाधार भार्गव की भैंस भी चोरी हो गई, जो गांव के पश्चिम घर के बाहर बने पशुबाड़े में बंधी हुई थी। घरथनिया गांव के श्यामलाल वर्मा की भैंस भी अजान रोड पर मकान के बाहर बने बाड़े से चोरी हो गई। पशुपालकों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस रात्रिगश्त के नाम पर क्षेत्र में नहीं दिखती, जिससे चोर बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इस संबंध में हैदराबाद थाना प्रभारी सुनील मलिक ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है, जांच की जा रही है और मुकदमा लिखा जाएगा।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत महिला सम्मेलन संपन्न

मैलानी खीरी। नगर पंचायत मैलानी में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष सौ.से कीर्ति महेश्वरी ने की। सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना तथा ल्लहर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी के संकल्प को मजबूत करना रहा। अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी ने कहा कि ल्लमहिला शक्ति आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। जब महिलाएँ आर्थिक रूप से सक्षम होंगी, तभी समाज और देश मजबूत होगा।उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार, कौशल विकास, स्वयं सहायता समूहों में जुड़कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। सम्मेलन में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारिणी संजुला श्रीवास्तव, प्रतिमा सिंह भदौरिया, अनीता शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# दक्षिण अफ्रीका का क्लीन स्वीप, भारत में 25 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

एजेंसी



गुवाहाटी। साइमन हार्मर (छह विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 63.5 आवर में 140 रन पर ढ़ेर कर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो मैचों की सीरीज भी 2-0 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने 25 सालों के बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीती है। रनों के लिहजा से भारत की यह सबसे बड़ी हार है। मार्को यानसन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा सीरीज में कुल 17 विकेट लेने वाले साइमन हार्मर को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। चायकाल के बाद भारत का छठा विकेट साई सुदर्शन के रूप में गिरा। उन्होंने 139 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाये। वॉशिंगटन सुदंर 44 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुये। 62वां ओवर कर रहे केशव महाराज की पहली गेंद पर छक्का लगाकर रवींद्र जडेजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ही ओवर में हार्मर, नीतीश कुमार रेड्डी को बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटा दिया। इसी के साथ छठी सफलता हार्मर के नाम रहीं। 64वें ओवर की पहली गेंद पर केशव महाराज ने रवींद्र जडेजा को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। रवींद्र जडेजा ने 87 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 54 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर महाराज ने को आउटकर 140 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। पहले टेस्ट में टेम्बा बवुमा ने अर्धशतकीय पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई तो वहीं गुवाहाटी टेस्ट में पारी लड़खड़ाने के बाद मुथुसामी और यानसन ने दक्षिण अफ्रीका को एक बड़े स्कोर पर पहुंचा और दोनों ही मैचों में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजो विशेषकर यानसन और हार्मर ने भारतीय बल्लेबाजों की नाक में दम कर रख दिया और एक ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत हासिल कर ली। 13 महीने के अंदर घर पर भारत को दूसरा बार किसी टीम ने टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले अक्टूबर-नवंबर 2024 में न्यूजीलैंड ने भारत को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराया था। हार्मर ने भारत में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे अधिक टेस्ट विकेट लिए हैं, उन्होंने डेल स्टेन को पीछे छोड़ दिया है। बिना कोई टेस्ट हारे कप्तान के तौर पर सबसे अधिक टेस्ट जीत - बावुमा 12 मैचों में 11 जीत के साथ सबसे आगे हैं, वह माइक ब्लेयरली के साथ थे जिन्होंने इससे पहले 15 में से 10 जीत हासिल की थीं।

## विश्व कप उठाना एक ऐसा एहसास है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता : रितु नेगी

एजेंसी

नई दिल्ली। बांग्लादेश के ढाका में महिला कबड्डी विश्व कप 2025 जीतने के बाद स्वदेश लौटी भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान रितु नेगी ने टीम की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि हम हर चुनौती में एक साथ खड़े रहे। हमने आखिरी सीटी बजने तक एक-दूसरे पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि भारत के लिए विश्व कप उठाना एक ऐसा एहसास है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। भारतीय महिला कबड्डी टीम विश्व कप जीतने के बाद मंगलवार को धूमधाम से देश लौटी। भारतीय टीम ने फाइनल में चीनी ताइपे को 35-28 से हराकर लगातार दूसरा कबड्डी विश्व कप खिताब जीता था। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में शुरू से आखिर तक अपना दबदबा बनाए रखा। ग्रुप स्टेज के अपने सभी मैच जीते और फिर सेमीफाइनल में ईरान को हराकर खिताबी मुकाबले के लिए अपनी जगह पक्की की। फिर फाइनल में चीनी ताइपे को मात देकर विश्व चैंपियन का ताज अपने नाम किया। स्वदेश लौटने के बाद रितु नेगी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कप्तान के तौर पर मुझे पता है कि मैं उतनी ही मजबूत हूं, जितनी मेरे पीछे की टीम और लड़कियों का यह ग्रुप हर चुनौती में एक साथ खड़ा रहा। उन्होंने कहा कि महिला कबड्डी बहुत आगे बढ़ गई है। मुकाबला पहले से कहीं ज्यादा मुश्किल है, लेकिन हमने आखिर तक एक-दूसरे पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि यह जीत हर उस लड़की की है जो एक दिन भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखती है। टीम की हेड कोच बी. तेजस्विनी बाई ने कहा कि ढाका में इस टीम ने जो हासिल किया, उससे मेरा दिल गर्व से भर गया है। लड़कियों ने जबरदस्त अनुशासन और पक्के इरादे के साथ खेला, जो हर एक मैच में जीत की उनकी भूख को दिखाता था। उन्होंने कहा कि जब हमने 2023 में एशियन गेम्स और 2025 में एशियन कबड्डी चैंपियनशिप जीती थी, तब मैं हेड कोच थी, इसलिए यह मेरे लिए जीत की हैट्रिक है। देश के लिए विश्व कप जीतना हमेशा खास होता है, लेकिन इन युवा महिला खिलाड़ियों को इस पल का सामना करते देखना इसे और भी खास बनाता है। एक कोच के तौर पर मुझे उन पर बहुत गर्व है। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं संजू देवी ने कहा कि प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना जाना मेरे लिए सम्मान की बात है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी। यह पल मेरी पूरी टीम का है। हर रेड, हर टैकल, हर पॉइंट यह सब हमारी मिली-जुली लड़ाई से आया है। उन्होंने कहा कि चीनी ताइपे के खिलाफ फाइनल ने हमारा टेस्ट लिया, लेकिन हम एक ही सपना लेकर गए थे, ट्रॉफी घर लाना। यह जीत भारत में महिला कबड्डी के लिए बहुत मायने रखती है। यह दिखाता है कि हम कितना आगे आ गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एडन मारक्रम एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच लेने वाले पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी बने

**गुवाहाटी।** एडन मारक्रम ने बुधवार को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में क्षेत्ररक्षक के तौर पर एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक नौ कैच लेने का कारनाम किया है, वह ऐसा करने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले खिलाड़ी है। इसके साथ ही उन्होंने अजिंक्या रहाणे के विश्व रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने आज यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान पांच कैच पकड़े। इसके बाद दूसरी पारी में उन्होंने चार कैच लेते हुए अपने कैच की संख्या 9 कर ली। मार्करम से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच लेने का रिकॉर्ड बर्ट वोग्लर के नाम था। जनवरी 1910 में डरबन में इंग्लैंड के खिलाफ वोग्लर ने छह कैच लिए थे। उनके छह कैच की बराबरी ब्रूस मिशेल ने 1931 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, जैक्स कैलिस ने जनवरी 2012 में श्रीलंका के खिलाफ, ग्रीम स्मिथ ने नवंबर-दिसंबर 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूएसीए (पर्थ) में और डेविड बेडिंघम ने जनवरी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ की थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने देश के पांच दिग्गजों को पछाड़ दिया है। टेस्ट सीरीज में भारत का सुपड़ा साफ करने के बाद मारक्रम ने कहा, '' यह बहुत अच्छा लग रहा है। सच कहूं तो सभी ने बहुत अच्छा प्रयास किया। भारत आकर जीतना कोई आसान काम नहीं था। मुझे लगता है कि रास्ते में कुछ अच्छे पलों के लिए अच्छी किस्मत की जरूरत थी। अब हम यहां हैं, टीम पर बहुत गर्व है। इसमें से बहुत कुछ कंडीशन के बारे में पहले से बनी सोच का नतीजा नहीं था। स्पिन और नई बॉल के साथ क्वालिटी सीमर के बारे में बहुत सारी बातें हुईं। आप अपनी पहली गेंद का सामना करने से पहले अपने मन में कोई डर नहीं रखना चाहते। मुझे यह नहीं पता था (रिकॉर्ड संख्या में कैच)। उन्होंने कहा कि अगर सही जगह गेंद डाले तो गेंदबाज को क्रेडिट जाता है और आप उन्हें पकड़ने और उन्हें खुश करने का प्रयास करते हैं। गेंद को अलग-अलग तरीकों से स्पिन करने से ऐसे कंडीशन में मदद मिलती है। आपको यह लंबे समय तक करना होता है और यहीं से नियंत्रण आता है। दोनों को क्रेडिट जाता है, उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। मुश्किल था। आप गेम से पहले विकेट को देखें, उस पर सामान्य से अधिक घास थी और जब आपके पास दो क्वालिटी सीमर हों तो आपका टेस्ट होगा। इससे निकलना मुश्किल है। जैसा कि मैंने कहा, आपको रास्ते में थोड़ी किस्मत की भी जरूरत होती है। रिक्स (रिकेल्टन) और मैं चेंज-रूम को शांत करने में कामयाब रहे और हमें एक अच्छी शुरुआत दिलाई। उसके बाद जो लोग आए, सभी ने अच्छी शुरुआत की। सेन (मुथुसामी) ने हमें दिखाया कि कैसे आगे बढ़ना है और बड़ा स्कोर बनाना है। यह एक ऐसा पल था जिस पर मुझे यकीन है कि सेन को सच में गर्व होगा।''

### टीम अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रही है: सूर्यकुमार

**मुंबई।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब का बचाव करने के लिए राष्ट्रीय टीम की अगुवाई को लेकर उत्साहित हैं। खास कार्यक्रम के दौरान सूर्यकुमार ने कहा, ''मेरा मतलब है, उस टी-20 विश्वकप में जाना एक बड़ी चुनौती है। मैं इस बार टीम का नेतृत्व करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्वकप 2024 में भारत की जीत को याद करते हुए कहा, ''मुझे उस ट्रॉफी को देखकर बहुत मोटिवेशन मिलता है। जब हम वेस्ट इंडीज (2024 इवेंट के को-होस्ट) पहुंचे और हर बार जब हमारा राष्ट्र गान बजाया जाता था तो हमारी नजर इस सिल्वरवेयर पर होती थी। हर बार। क्रिकेटर ने आगे कहा, '' हमने सोचा है कि जैसे ही हम फाइनल आये, हमें यह ट्रॉफी जीतनी है। और इसे फिर से करीब से देखने के बाद, इससे मुझे बहुत मोटिवेशन मिलता है। वह भी भारत में खेलते हुए मुझे लगता है कि यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने कहा कि लड़के बहुत उत्साहित हैं। हर कोई टी-20 विश्व कप में जाने वाली इस टीम का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्सुक है। मैंने बहुत सारे अनुभव शेयर किए हैं। मैं 2023 में एक शानदार टीम का हिस्सा था, जब हमने भारत में एकदिवसीय विश्व कप खेला था। माहौल बिल्कुल अलग था। उन्होंने कहा, ''मैंने उनसे कहा है कि यह बिल्कुल अलग गेम है।

### खिलाड़ी और टीम के तौर पर हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाये: ऋषभ पंत

**गुवाहाटी।** भारतीय टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 408 रनों मिली हार पर कहा कि एक खिलाड़ी और टीम के तौर पर हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाये। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलु जमी पर टेस्ट सीरीज हारने के बाद भारतीय कप्तान पंत ने कहा, ''यह निराशाजनक है लेकिन एक टीम के तौर पर हमें बेहतर रहना होगा। विपक्षी टीम को भी श्रेय जाता है जिस तरह से उन्होंने इतनी अच्छी क्रिकेट खेली। दक्षिण अफ्रीका की टीम निश्चित तौर पर हावी रही लेकिन घर पर खेलते हुए भी आप विपक्षी टीम को हल्के में नहीं ले सकते। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेली, आप क्रिकेट में किसी को भी हल्के में नहीं ले सकते मुकाबले में कुछ वैसे पल होते हैं जहां आपको एक खिलाड़ी और टीम के तौर पर मौकों को भुनाना होता है लेकिन हम इसमें बेहतर नहीं कर पाए।

### यह जीत एक टीम के तौर पर बड़ी उपलब्धि है: बवुमा

**गुवाहाटी।** दक्षिण अफ्रीका टीम के कप्तान टेम्बा बवुमा ने बुधवार को भारत पर मिली 408 रनों की ऐतिहासिक जीत को बड़ी उपलब्धित करार दिया है। मैच के जीतने के बाद बवुमा ने कहा, यह एक बड़ी जीत है, ख़ासतौर पर ऐसी स्थिति में जब मैं पिछले कुछ महीनों से खेल से बाहर थे। भारत में मिली यह जीत खास है। एक टीम के तौर पर हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हमारे माइंडसेट में बड़ा बदलाव आया है और हमारी तैयारी भी अच्छी है। खिलाड़ियों को पता है कि उनकी भूमिका क्या है और हर कोई टीम के लिए योगदान देने के लिए तत्पर रहता है। एक टीम के तौर पर हम बेहतर स्थिति में हैं।

## जोकोविच शीर्ष चार में एक साल पूरा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

एजेंसी

लंदन। सर्बिया के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच एटीपी रैंकिंग के इतिहास में शीर्ष चार में एक साल पूरा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। 38 साल और पांच महीने की उम्र में सर्बिया महान खिलाड़ी जोकोविच ने एटीपी रैंकिंग में शीर्ष चार में 2025 सीजन का समापन किया। इसी के साथ उन्होंने एटीपी रैंकिंग के इतिहास में सबसे अधिक टॉप चार फिनिश के लिए रोजर फ़ेडरर और राफ़ेल नडाल को पीछे छोड़ दिया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पूर्व नंबर वन जाकोविच ने वर्ष 2025 का समापन नंबर चार पर किया। जोकोविच ऐसा करने वाले 14 खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने अब यह दूसरी सबसे ज़्यादा बार किया है, कॉनर्स और नडाल को पीछे छोड़ दिया है और केवल फ़ेडरर से पीछे हैं। एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफ़ेशनल्स (एटीपी) की 17 नवंबर को जारी रैंकिंग में जोकोविच चौथे स्थान पर थे।

## भारोत्तोलन में गोलोम टिंकू ने स्वर्ण और रिंकी ने जीता रजत पदक

एजेंसी



बीकानेर (राजस्थान)। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में अरुणाचल प्रदेश के 19 वर्षीय गोलोम टिंकू ने पुरुषों के 60 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रिंकी नायक का रजत पदक अपने नाम किया। वली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का प्रतिनिधित्व करते हुए गोलोम टिंकू ने मंगलवार को कुल 256 किग्रा (स्नैच 112 किग्रा; क्लीन एंड जर्क 144 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने नजदीकी प्रतिद्वंद्वी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के खुम्भेस्वर मलिक (223 किग्रा) से 33 किग्रा अधिक वजन उठाया जबकि सीटी यूनिवर्सिटी के सचिन कुल 214 किग्रा वजन के साथ कांस्य पदक ही हासिल कर सके। 19 वर्ष की उम्र में ही उन्हें भारी मुश्किलों से गुजरना पड़ा। 2016 में अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले के अपने गोडक गाँव में एक हादसे में उनके पिता का निधन हो गया था। उसी दौरान उन्होंने वेटलिफ्टिंग की बुनियादी ट्रेनिंग शुरू ही की थी। पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर के गोलोम अपने बड़े भाई और बहन से प्रेरित थे। उन्होंने तीन साल तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के नाहरलागुन कैंपस में प्रशिक्षण लिया और फिर सेकंदराबाद के एओसी सेंटर में शिफ्ट हो गए। स्वर्ण जीतने के बाद गोलोम ने साई मीडिया से कहा, ''मेरी बहन वहां कराटे करती थी और बड़ा भाई बैडमिंटन खेलता था। मैं सिर्फ उन्हें देखने जाता था। एक दिन एक कोच ने मुझसे पूछा- क्या तुम वेटलिफ्टिंग करना चाहोगे बस यहीं से मेरी यात्रा शुरू हुई। अब तक गोलोम एशियाई चैम्पियनशिप में तीन पदक (एक रजत, दो कांस्य) जीत चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2023 में कुल 230 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक भी जीता। इस समय गोलोम पुणे के आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनका मानना है कि खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में भाग लेना आगामी सीनियर नेशनल्स से पहले उनके लक्ष्यों में शामिल एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। गोलम ने कहा, ''यह मेरे लिए पहला खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स था और स्वर्ण पदक जीतना हमेशा विशेष होता है। लेकिन मेरा काम अभी पूरा नहीं हुआ है। वहीं अपने पहले केआईयूजी में बेरहामपुर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए 23 वर्षीय रिंकी ने महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने के लिए कुल 149 किग्रा (63 किग्रा स्नैच; 86 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाया, जो बीकानेर में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के इनडोर हॉल में आयोजित शिवाजी विश्वविद्यालय की काजोल मगदेव सरगर (158 किग्रा) से पीछे और चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की रानी नायक (148 किग्रा) से आगे रही। यह उपलब्धि उसके प्रतियोगिता के कुल वजन से कहीं अधिक भारी थी। 24 जुलाई, 2020 को, प्रशिक्षण से घर लौटने पर, रिंकी की जिंदगी एक पल में बदल गई जब उसने पाया कि उसके पिता- नीलाद्री नायक ने अपनी जान ले ली है। पारिवारिक दबाव का बोझ उनके लिए असहनीय हो गया था नीलाद्री शुरू से ही उसके साथ खड़ी रही, स्कूल एथलेटिक्स में और बाद में जब उसने वेटलिफ्टिंग शुरू की, तब भी उसे हिम्मत दी।

## हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए: गौतम गंभीर

गुवाहाटी। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से सीरीज हार के बाद आलोचनाओं के बीच कहा कि इस हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए। आज यहां दूसरे टेस्ट में भारत की 408 रन से हार के बाद उनके भविष्य को लेकर गंभीर ने कहा, ल्लयह बीसीसीआई को तय करना है। मैंने पहले भी यह कहा है, भारतीय क्रिकेट जरूरी है, मैं जरूरी नहीं हूं। मैं वही आदमी हूं जिसने इंग्लैंड में नतीजे हासिल किए, चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीता। यह एक ऐसी टीम है जो सीख रही है। हार को सबकी कमियों बताते हुए गंभीर ने कहा कि तीसरे दिन भारत का 95/1 से 122/7 पर आना और मजबूत एग्जिक्यूशन की जरूरत को दिखाता है। उन्होंने कहा, गलती सबकी है, सबसे पहले मैं। 95/1 से 122/7 तक जाना मंज़ूर नहीं है। आप किसी एक इंसान या किसी खास शॉट को दोष नहीं दे सकते। गलती सबकी है। मैंने कभी किसी एक इंसान को दोष नहीं दिया और आगे भी ऐसा नहीं करूंगा।

## एचडीएफसी बैंक, कंतार ब्रांड्स की इंडिया के सबसे वैल्यूएबल ब्रांड्स 2025 की लिस्ट में नंबर 1 पर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुंबई। भारत के लीडिंग प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक को कंतार ब्रांड्स की टॉप 100 सबसे वैल्यूएबल इंडियन ब्रांड्स रिपोर्ट के अनुसार देश का सबसे वैल्यूएबल ब्रांड माना गया है। यह वैल्यूएशन बैंक के डिजिटल इनोवेशन और कस्टमर-सेंट्रिक स्ट्रेटेजी के प्रति कमिटमेंट की वजह से है। एचडीएफसी बैंक की ब्रांड वैल्यू 2024 में 38.3 बिलियन डॉलर से 18 परसेंट बढ़कर 44.9 बिलियन डॉलर हो गई। 2014 में जारी पहली ब्रांड्स इंडिया रिपोर्ट के बाद से इसमें 377 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के 12 सालों में से आठ सालों में बैंक को नंबर 1 रैंक मिला है। अपने एडिटोरियल में कंतार ने कहा, ल्लएचडीएफसी बैंक की ग्रोथ लगातार इनोवेशन और कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए नई टेक्नोलॉजी में इन्वेस्टमेंट से हुई है, जिसमें विजिल आंटी का लॉन्च भी शामिल है, जो इसका सुपरहीरो-स्टाइल वाला पर्सोना है जिसे यूज़र्स को फाइनेंशियल फ्रॉड के बारे में एजुकेट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। डिजिटल बैंकिंग के लिए मज़बूत कमिटमेंट के साथ, एचडीएफसी बैंक भारत में ब्रांड लीडरशिप के लिए स्टैंडर्ड सेट करना जारी रखे हुए है। रैंकिंग पर कमेंट करते हुए, एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड (ब्रांड, रिटेल मार्केटिंग और कस्टमर एनालिटिक्स) और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, श्री रवि संथानम ने कहा, ल्लहमें कंतार द्वारा देश के टॉप ब्रांड के रूप में पहचाने जाने पर खुशी है। हमारे लिए मंत्र है अपने सिद्धांतों पर टिके रहना, कस्टमर की समस्याओं को हल करना और कस्टमर एक्सपीरियंस, सेफ्टी और भरोसे के लेवल को ऊंचा करते रहना। पिछले तीन दशकों में हम इसी रास्ते पर चले हैं, कस्टमर को सबसे ऊपर रखते हुए और उनकी ज़रूरतों के साथ बदलते रहे हैं। हमारे कैंपेन सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के लिए कस्टमर अवेयरनेस और एजुकेशन पर भी फोकस करते हैं। यह पहचान बैंक के सभी कर्मचारियों के मिलकर किए गए प्रयासों को दिखाती है। कंतार ब्रांड्स एक कंज्यूमर-सेंट्रिक तरीका अपनाता है, जिसमें फाइनेंशियल वैल्यू (ब्रांड एसेट्स से जुड़ी कॉर्पोरेट कमाई) और ब्रांड कंट्रीब्यूशन (डिमांड पावर, प्राइसिंग पावर और फ्यूचर पावर से चलता है) को मिलाया जाता है। बैंक के बारे में, रिपोर्ट में आगे कहा गया है, एचडीएफसी बैंक ने यूज़र-सेंट्रिक इनोवेशन के ज़रिए अपनी ब्रांड वैल्यू बढ़ाई है। पेमेंट से लेकर पर्सनल बैंकिंग और घर खरीदने तक, एचडीएफसी बैंक ज़िंदगी के ज़रूरी कामों को आसान बनाने के नए तरीके ढूंढता है।

## सफरान ने 2030 तक भारत से राजस्व तीन गुना करने का लक्ष्य रखा, स्थानीय खरीद पांच गुना करेगी

हैदराबाद। विमान इंजन बनाने वाली फ्रांस की कंपनी सफरान ने साल 2030 तक भारत से अपना राजस्व तीन गुना करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार को यहां सफरान के एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर, ओवरहॉल) सेंटर के उद्घाटन के मौके पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओलिवियर एंड्रीस ने यह बात कही।

सीएमएफ इंटरनेशनल लीप इंजन के लिए यह सफरान का सबसे बड़ा एमआरओ केंद्र है। श्री एंड्रीस ने कहा, '' हैदराबाद में लीप और एम88 इंजन के लिए बने दो नए एमआरओ केंद्र - और बीईएल के साथ हमारा नया संयुक्त उपक्रम - हमारे ग्रुप के लिए भारत की अहमियत को दिखाते हैं। हमें भारत के नागरिक और रक्षा विमानन बाजार की तेज वृद्धि को समर्थन देने और देश की मेक इन इंडिया नीति और रणनीतिक स्वावलंबन में सक्रिय योगदान देने पर गर्व है।

## बजाज ऑटो ने पेश किया नया ई-रिक्शा, कीमत 1,90,890 रुपये

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की अग्रणी तिपहिया वाहन निर्माता कंपनी बजाज ऑटो ने बुधवार को दो नये इलेक्ट्रिक उत्पाद भारतीय बाजार में पेश किये। बजाज ऑटो लिमिटेड के इंट्रा सिटी कारोबार इकाई के अध्यक्ष समरदीप सुबंध ने यहां एक कार्यक्रम में बजाज रिकी ई-रिक्शा और बजाज रिकी ई-कार्ट पेश करते हुए कहा कि ये अपनी श्रेणी में बाजार में अब तक उपलब्ध दूसरे उत्पादों की तुलना में ज्यादा माइलेज देते हैं और संतुलन, मजबूती तथा परिचलान खर्च के मामले में सबसे बढ़िया हैं। रिकी ई-रिक्शा 'पी4005' की एक्स-शोरूम कीमत 1,90,890 रुपये और ई-कार्ट 'सी4005' की 2,00,879 रुपये रखी गयी है। उन्होंने बताया कि भारतीय जरूरतों के हिसाब से और ई-रिक्शा चलाकों की समस्याएं जानने के बाद दोनों उत्पाद बनाये गये हैं। रिकी ई-रिक्शा एक बार चार्ज करने पर 149 किलोमीटर चलाता है जो आम ई-रिक्शा की तुलना में 40-45 प्रतिशत अधिक है। इसमें 5.4 किलोवाट की लीथियम आयरन फॉस्फ़ेट (एलएफपी) बैट्री है जो 4.5 घंटे में पूरी तरह चार्ज होती है। इसमें मोनोकोक चेसीस, हाइड्रॉलिक ब्रेकिंग और इनडेपेंडेंट सस्पेंशन भी है। देश के चार शहरों पटना, गुवाहाटी, रायपुर और मुरादाबाद में पायलट आधार पर इसे ई-रिक्शा चालकों को दिया गया था और उनके फीडबैक के बाद इसे अब 25 शहरों में पेश किया जा रहा है। श्री सुबंध ने बताया कि अगले साल मार्च तक देश के लगभग सभी बाजारों में इसे पेश कर दिया जायेगा। ये शहर उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम में होंगे। कंपनी इंजन और बैट्री पर तीन साल / 60,000 किलोमीटर तक की वारंटी दे रही है।

## शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी सेंसेक्स 1022 अंक उछला

एजेंसी

मुंबई। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को जबरदस्त तेजी देखी गयी और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1022.50 अंक (1.21) प्रतिशत उछलकर 85,609.51 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 320.50 अंक यानी 1.24 प्रतिशत चढ़कर 26,205.30 अंक पर पहुंच गया। लगातार तीन कारोबारी दिवस की गिरावट के बाद बाजार में रौनक लौटी है। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच दोनों प्रमुख सूचकांक आज गिरावट में खुले, लेकिन खुलते ही हरे निशान में चले गये। बीच कारोबार में सेंसेक्स 85,644.19 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 26,215.15 अंक तक चढ़ने में कामयाब रहा। वैश्विक बाजारों में तेजी के अलावा घरेलू स्तर पर पिछले तीन दिन की गिरावट के बाद कम भाव पर खरीद का असर भी दिखा। छोटी और मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी एक प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही। एनएसई के सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। धातु, आईटी, बैंकिंग, फार्मा, ऑटो और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। सेंसेक्स की बढ़त में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एलएंडटी का योगदान सबसे अधिक रहा। भारती एयरटेल में गिरावट रही।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना और चांदी के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,27,050 रुपये से लेकर 1,27,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,16,460 रुपये से लेकर 1,16,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,67,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,27,200 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,16,610 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,27,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,16,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,27,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,16,510 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,27,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,16,460 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं, कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,27,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,16,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,27,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,16,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,27,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,16,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,27,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,16,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एसआईआर में मिसाल बने महाराजपुर के दो बीएलओ आठ दिन पहले पूरा किया शत-प्रतिशत कार्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




कानपुर। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में दो बीएलओ ने अपने दायित्व का निर्वहन समय से पहले कर एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। बूथ संख्या 423 हजरतपुर की बीएलओ गीता देवी और बूथ संख्या 454 सिकटीहा की बीएलओ मंजूषा देवी ने अपने-अपने बूथों पर गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत वितरण, संग्रह और बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटाइजेशन का कार्य अंतिम तिथि से आठ दिन पूर्व ही पूर्ण कर लिया। इस उपलब्धि के लिए दोनों को हार्दिक बधाई। यह जानकारी बुधवार को एसडीएम नर्वल विवेक मिश्रा ने दी। हजरतपुर बूथ संख्या 423 पर कुल 498 तथा सिकटीहा बूथ संख्या 454 पर कुल 701 मतदाता पंजीकृत हैं। दोनों बीएलओ ने घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्र भरवाए, समय से उन्हें एकत्र किया और तत्परता से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया। इस कार्य में गीता देवी का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा। सात नवंबर को उनके हाथ में गंभीर चोट लगने से फ्रैक्चर हो गया था, इसके बावजूद उन्होंने अवकाश लेने के बजाय लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई और पूरे समर्पण के साथ कार्य को समयबद्ध रूप से पूरा किया। दोनों बीएलओ के उत्कृष्ट कार्य पर एसडीएम नर्वल विवेक मिश्रा ने तहसील सभागार में उन्हें सम्मानित किया और अन्य सभी बीएलओ को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। इस उपलब्धि पर जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने दोनों बीएलओ को बधाई दी और कहा कि ऐसे कर्मठ लोकतंत्र प्रहरी ही लोकतांत्रिक दायित्वों को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने अपेक्षा जताई कि अन्य बीएलओ भी इसी भावनाबोध और जिम्मेदारी के साथ एसआईआर कार्य को पूर्ण करेंगे।

## एसआईआर रैली में सड़क पर उतरे डीएम ने बताई मतदाता फार्म की अहमियत

मीरजापुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिले में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बुधवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की अगुवाई स्वयं जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने की। शहर के घंटाघर मैदान से शुरू हुई यह रैली वासलीगंज मुख्य बाजार, खंजाची चौराहा, साई मंदिर चौराहा, संकट मोचन मार्ग से होती हुई डेफोडिल पब्लिक स्कूल तरकापुर पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में नगर पालिका परिषद मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। मार्ग में जिलाधिकारी ने दुकानदारों, ठेला-खुमचा वालो और स्थानीय लोगों से बातचीत कर गणना पत्रक भरने की स्थिति जानी। अधिकांश लोगों ने पत्रक भरने की पुष्टि की, जबकि कुछ ने समयाभाव का हवाला देते हुए एक-दो दिन में बूथ पर जमा करने की बात कही। डीएम ने सभी से अपील करते हुए कहा कि मतदाता फार्म भरने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है, कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव या लापरवाही के कारण मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा अजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, नगर पालिका परिषद के अधिकारी गोवा लाल, भाजपा की डाली अग्रहरि, कंाग्रेस के छोटे खान, बसपा के सद्दाम राईन सहित अन्य दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जागरूकता रैली का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदाता फार्म भरने के प्रति प्रेरित करना है। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। रैली के बाद डीएम पवन कुमार गंगवार ने विन्ध्य विद्यापीठ इंटर कॉलेज, घंटाघर और डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल स्थित बूथों का निरीक्षण किया।

# लखनऊ को मिला बेस्ट चैप्टर एवार्ड



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। इण्डियन सोसायटी आफ जियोमैटिक्स एवं इण्डियन सोसायटी आफ रिमोट सेंन्सिग के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन आई0आई0टी0 खडगपुर रिसर्च पार्क, कोलकता में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन इसरो के नीलेश एस0 देसाई डा0 प्रकाश चौहान, डा0 एस0पी0 अग्रवाल आदि उपस्थिति थे। उक्त राष्ट्रीय सम्मेलन में इण्डियन सोसायटी आफ रिमोट सेंन्सिग, लखनऊ चैप्टर को बेस्ट चैप्टर एवार्ड प्रदान किया गया। उक्त राष्ट्रीय संगोष्ठी कोलकता, कार्यक्रम में बेस्ट चैप्टर एवार्ड श्री ऐ0 के0 अगवाल, चेयरमैन एवं डा0 एम0एस0 यादव, सचिव द्वारा प्राप्त किया गया। बेस्ट चैप्टर एवार्ड में सर्टिफिकेट, मैडल एवं धनराशि रू0 50,000 प्रदान की गयी। लखनऊ चैप्टर को बेस्ट चैप्टर एवार्ड मिलने से सदस्यों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

# पश्चिमी उप्र में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर लोकसभा सांसद कुंवरानी रुचि वीरा का किया घेराव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के तत्वावधान में बुधवार को पश्चिमी उप्र हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर मुरादाबाद लोकसभा सांसद कुंवरानी रुचि वीरा का घेराव किया। अधिवक्ताओं ने सांसद को दिए ज्ञापन में कहा कि आगामी शीतकालीन सत्र के दौरान हाथों में पट्टी/स्लोगन लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को पुरजोर तरीके से उठाएं। वहीं सांसद रुचि वीरा ने कहा कि आम जनता को सस्ता, सुलभ एवं त्वरित न्याय दिलाने के लिए मैं लोकसभा में हाई कोर्ट बेंच की मांग करूंगी। दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने कहा कि हमने ज्ञापन में कहा है कि हाई कोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति समिति पक्ष में उत्तर प्रदेश की बैठक गत 15 नवंबर को बार भवन बार एसोसिएशन जिला एवं सत्र न्यायालय परिषद चरण में संपन्न हुई थी जिसमें निर्णय लिया गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के समस्त सांसदों से यह अनुरोध किया जाए कि वह शीतकालीन सांसद सत्र के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीघ्र हाईकोर्ट बेंच की स्थापना हेतु हमारी मांग को संसद में अपने स्तर से उठाएं ताकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आम जनता को सस्ता, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त हो सके। दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के महासचिव कपिल गुप्ता ने कहा कि हमने मुरादाबाद लोकसभा सांसद रुचि वीरा से अनुरोध किया है कि वह आम जनता की उक्त न्यायोचित मांग को आगामी शीतकालीन सांसद सत्र के दौरान हाथों में पट्टी स्लोगन लेकर सवाल पूछ कर पुरजोर तरीके से उठाने का कष्ट करें जिससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीघ्र अतिशीघ्र हाई कोर्ट बेंच की स्थापना हो सके और आम जनता को सस्ता सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त हो सके।

# चलती कार का पहिया निकला, सड़क हादसे में कारोबारी की मौत

औरैया। औरैया जनपद के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर चलती कार का पहिया निकल गया। सड़क हादसे में कार सवार कारोबारी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जानकारी परिवार को दी। कोतवाल ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की पहचान इटावा जिले के रामनगर नई बस्ती निवासी विनीत कुमार (37) के रूप में हुई है। वह नोएडा में ऑटो मोबाइल का कारोबार और रेडिमेड सप्लाई का काम करता था। ?घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि तीन दिन पहले विनीत की पत्नी प्रीति अपने बच्चों साक्षी और दिव्यांश के साथ रसूलपुर कलां आई थी। बुधवार दोपहर को वह कार से पत्नी और बच्चों को लेने के लिए ससुराल आ रहा था। मोहारी गांव के सामने ओवरब्रिज की उतराई पर कार का पिछला हब अचानक टूट गया। हब टूटते ही पीछे का पहिया कार से अलग होकर दूर खेतों की ओर चला गया। नियंत्रण खोने से कार हाईवे पर कई मीटर तक घिसटती हुई जाकर पलट गई। वहीं, विनीत कार की खिड़की से उछलकर सड़क पर जा गिरा, जहां संभवतः किसी वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधार कार्ड के आधार पर मृतक की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। इधर पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी का रो-रोकर हाल बेहाल है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**संपादक समन्वय**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
पीयूष त्रिपाठी

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# रेलवे बोर्ड मुख्यालय में गरिमापूर्ण तरीके से मना 'संविधान दिवस'

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



नई दिल्ली। 'संविधान दिवस' के अवसर पर बुधवार को रेल भवन स्थित रेलवे बोर्ड मुख्यालय में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) सतीश कुमार ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ संविधान की उद्देशिका का पाठ किया।

### संविधान के प्रति दोहराया संकल्प

कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11:00 बजे बोर्ड के सम्मेलन कक्ष में किया गया। अध्यक्ष श्री सतीश कुमार की अगुवाई में उपस्थित सभी कार्मिकों ने भारत के संविधान की उद्देशिका (Preamble) का सामूहिक वाचन किया। इस दौरान सभी ने संविधान के मूलभूत आदर्शों का पालन करने और राष्ट्र की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया।

### डिजिटल भागीदारी पर भी जोर

रेलवे बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, इस भौतिक समारोह के अलावा डिजिटल माध्यमों से भी संविधान दिवस मनाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों को ''MyGov.in'' और ''constitution75.com'' वेबसाइटों के माध्यम से 'संवैधानिक लोकतंत्र' पर आयोजित ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, संविधान की उद्देशिका का ऑनलाइन वाचन कर प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का भी आह्वान किया गया।

### क्यों मनाया जाता है यह दिवस?

गौरतलब है कि 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने औपचारिक रूप से संविधान को अपनाया था। इसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में हर साल 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' मनाया जाता है। रेलवे बोर्ड का यह आयोजन देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक नैतिकता के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए बनें सभी मतदाता : शशांक मणि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



देवरिया। विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर बुधवार को सदर सांसद शशांक मणि ने देवरिया देहात मंडल के बगहा चौरी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की तथा सभी को इस अभियान में लगकर शत प्रतिशत पुनरीक्षण कार्य संपादित करने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग एसआईआर के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी प्रपत्र स्वयं भरें और अपने परिवार, साथियों एवं पड़ोसियों का फॉर्म भी जरूर भरवाएं। जिससे वोटर लिस्ट सही बने और निर्वाचन के दौरान स्वस्थ लोकतंत्र वाली सरकार प्रदेश और देश में चुनी जा सके। वहीं शहर के परशुराम चौक स्थित बूथ संख्या 256 पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने भी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली । उन्होंने कहा कि हर बूथ पर हर परिवार से सम्पर्क करें तथा मतदाता सूची का अवलोकन भी करें ताकि कोई त्रुटि हो या कोई नाम छूट रहा हो, उसे समय रहते शामिल किया जा सके । भारतीय जनता पार्टी ने जिले के लगभग 1625 बूथों पर यह अभियान चलाया तथा पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने बीएलओ का सहयोग करते हुए गणना प्रपत्र वितरित एवं संकलित कराए। बैठक के दौरान मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, ब्लाक प्रमुख पिंटू जायसवाल, अरविंद चौहान, सत्यप्रकाश तिवारी, चंदन चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजा रामकुमार भार्गव स्मृति राज्य स्तरीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैम्पियनशिप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश बिलियर्ड्स और स्नूकर एसोसिएशन (यूपीबीएसए) के तत्वावधान में आयोजित राजा राम कुमार भार्गव स्मृति राज्य स्तरीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैम्पियनशिप में प्रयागराज के अली जहेब, लखनऊ के सादिक कुरैशी और गौतम सिंह, वाराणसी के स्नेहिल गुप्ता एवं अलीगढ़ के बिलाल जैदी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बना ली है।बिशप जॉर्ज स्कूल और कॉलेज में बुधवार को खेले गये मुकाबले में प्रयागराज के अली जहेब ने लखनऊ के दानिश अंसारी को 3-0 से हराया। अली जहेब को पहले फ्रेम में कंाटे की टक्कर मिली। अली ने पहला फ्रेम 71-70 से जीता। अगले दोनों फ्रेम 55-43 और 51-9 से जीत लिया।लखनऊ के सादिक कुरैशी ने प्रयागराज के एसएम सहदाब को 3-0 से हराया। सादिक ने तीनों फ्रेम एक तरफा मुकाबले में अपने नाम किया। इन तीनों में उन्होंने 63-23, 61-21 और 57-12 से जीत दर्ज की।वाराणसी की स्नेहिल गुप्ता ने प्रयागराज की शाह फैसल को 3-0 से पराजित किया। स्नेहिल ने मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका न देते हुए तीनों फ्रेम 53-9, 53-19 और 61-2 के बड़े अंतर से जीता। सबसे रोमांचक मैच लखनऊ के गौतम सिंह और प्रयागराज के दिग्विजय त्रिपाठी के बीच खेला गया। दोनों क्यू प्लेयर्स ने एक-दूसरे के मूव्स को काउंटर करके अपने प्रतिद्वंदी को नियंत्रण में रखा। मैच में कुछ ऐसे पल आए जब खिलाड़ियों ने अपने विरोधी खिलाड़ियों को गलत शॉट खेलने के लिए मजबूर किया और वहीं से बढ़त बना ली। पहले दो फ्रेम बहुत रोमांचक थे। दिग्विजय ने पहला फ्रेम 57-51 से जीता और दूसरा फ्रेम गौतम ने 69-65 से जीता। अगले दो फ्रेम में दिग्विजय ने अपना सब कुछ झोंक दिया, लेकिन गौतम को टेबल क्लियर करने और मैच 4-1 से जीतने से नहीं रोक सके। इसके अलावा मंगलवार देर रात खेले गए मुकाबले में प्रयागराज के तालिब उमर ने लखनऊ के दिव्यांश मिश्रा को 3-0, प्रयागराज के मोहम्मद फैजान ने लखनऊ के अब्बास करीम को 3-0 और अलीगढ़ के मोहम्मद शारिक सिद्दीकी ने मोहम्मद शहूक प्रयागराज को 3-0 से पराजित किया। अलीगढ़ के बिलाल जैदी ने प्रयागराज के मोहम्मद अफजल को 3-0 से हराया। बिलाल ने यह तीनों फ्रेम 47-32, 68-49 और 51-32 अंक के अंतर से जीते।प्रयागराज क्यू स्पोर्ट्स एसोसिएशन (पीसीएसए) के सचिव विनायक अग्रवाल ने बताया कि नॉक-आउट आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में राज्य के टॉप रैंकिंग वाले खिलाड़ी, उभरते युवा टैलेंट और अनुभवी प्रोफ़ेशनल्स खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें सीनियर बिलियर्ड्स, सीनियर स्नूकर और कैटेगरी में मुकाबले होंगे।

# ऑडिट सप्ताह : आम जनमानस को संदेश देने के उद्देश्य से किया वॉकथान का आयोजन




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। प्रधान महालेखाकार लेखा परीक्षा प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित ऑडिट सप्ताह के अवसर पर बुधवार को वॉकथान का आयोजन किया गया। वॉकथान ऑडिट भवन से प्रारंभ होकर आकाशवाणी, हाई कोर्ट, मुख्य डाकघर से होते हुए ऑडिट भवन पहुंची। जिसमें प्रधान महालेखाकार राज कुमार, वरिष्ठ उपमहालेखाकार प्रोमी, दीपक श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, संदीप तिवारी, कौशल गुप्त सहित प्रधान महालेखाकार विभाग के दर्जनों अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रधान महालेखाकार राज कुमार ने बताया कि इस वाकथान का मकसद है कि आम जनमानस को स्वास्थ के प्रति संदेश देना है। उन्होंने बताया कि इस वॉकथान का उद्देश्य है सरकार की योजनायें जन-जन तक पहुंच रही है या नहीं। जो भी समस्याएं हैं आम जनमानस प्रधान लेखाकार ऑडिट भवन में वह अपना शिकायत दर्ज कर सकता है। उन्होंने कहा कि वॉकथान से कर्मचारियों एवं आम जनमानस को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ ही वॉकथान कर्मचारियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का एक अवसर होता है। मीडिया प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि सायंकाल कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) के सरस्वती सभागार में एक भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन वरिष्ठ उप महालेखाकार प्रोमी की अध्यक्षता में किया गया। वरिष्ठ उप महालेखाकार ने प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित रचनात्मकता एवं कला कौशल की सराहना की तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता में कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को विशेष रूप से आकर्षक बनाया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यालय परिवार में रचनात्मक अभिरुचि को प्रोत्साहित करना एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना था, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट सहभागिता के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया। संदीप तिवारी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन में अपना विशेष योगदान दिया। किरण लता, उप निदेशक-हिन्दी ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रतियोगिता का समापन किया।